हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### *भविष्य के लिए एक संकल्प*

*उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन ने छत्तीसगढ़ के युवाओं से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित प्रौद्योगिकियों और वैश्विक बाजारों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने और साहस, रचनात्मकता और करुणा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रजत महोत्सव को केवल अतीत के उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए।*

# विभूतियों का सम्मान, उप राष्ट्रपति बोले- 25 बरस में छग प्रगति का मॉडल बनकर उभरा

## पांच दिवसीय राज्योत्सव का समापन, अनुराग बसु समेत अलग-अलग क्षेत्रों की खास शख्सियतों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पांच दिनों तक चले जलसे का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली विभूतियों का सम्मान किया। श्री राधाकृष्णन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, पांच दिवसीय इस महोत्सव में लोगों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और इसके प्रभावशाली सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की झलक देखी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत कई अतिथि मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ की असाधारण 25 वर्षों की यात्रा की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ भारत के सबसे युवा राज्यों में से एक होने से लेकर सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रगति के एक मॉडल के रूप में उभरा है। ▶▶| शेष पेज 7 पर


राजेश अग्रवाल, पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान


संदीप तिवारी, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार


सोमेश कुमार पटेल, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार


अभिषेक शुक्ला, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार


भावना पांडेय, मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार


अनुराग बसु, किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण


अवधेश कुमार, पं. माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्कता सम्मान

### नक्सलवाद को समाप्त करने में छत्तीसगढ़ की सराहना

उन्होंने नक्सलवाद के ख़तरे को ख़त्म करने में राज्य की सफलता की सराहना की और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ नेतृत्व के साथ-साथ राज्य सरकार, सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के समर्पित प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भय और हिंसा की जगह विकास और विश्वास ने ले ली है। उपराष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ की सफलता की नींव रखने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सूर्य किरण प्रदर्शनी का लिया आनंद

समापन के अवसर पर वायु सेना की टीम के द्वारा सूर्यकरण एरोबेटिक प्रदर्शनी में भी उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन उपस्थित रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। पांच दिन तक चलने राज्योत्सव कार्यक्रम का समापन ▶▶| शेष पेज 7 पर




### 41 को अलंकरण सम्मान

नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2025 के अंतिम दिन राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 34 उत्कृष्ट व्यक्तित्वों को राज्य अलंकरण पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनमें हिन्दी और छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के लिए दिया जाने वाला किशोर साहू राष्ट्रीय मुंबई के डायरेक्टर अनुराग बसु को दिया गया। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी सिनेमा के रचनात्मक लेखन के लिए रायपुर के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इनका हुआ सम्मान

- शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान – हिरेश सिन्हा, कांकेर
- यति यतनलाल सम्मान – भारतीय कुष्ठ निवारक संघ, सोंठी, जांजगीर-चांपा
- गुंडाधूर सम्मान (खेल) – ज्ञानेश्वरी यादव, राजनांदगांव
- मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) – ललेश्वरी साहू, दुर्ग
- गुरु घासीदास सम्मान – भुवनदास जांगड़े, बेमेतरा और शशि गायकवाड़, बलौदाबाजार
- ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार (सहकारिता क्षेत्र) – प्राथमिक कृषि साख समिति, डोमा, धमतरी
- हबीब तनवीर सम्मान (रंगकर्म) – डॉ. कुंज बिहारी शर्मा, रायपुर
- महाराज प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान - चांदनी साहू, बिलासपुर
- पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान - राजेश अग्रवाल, रायपुर
- पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान - डॉ. चित्तरंजन कर, रायपुर
- चक्रधर सम्मान - पं. कीर्ति माधव लाल व्यास, दुर्ग
- दाऊ मंदराजी सम्मान- रिखी क्षत्रिय, दुर्ग
- डॉ. खूबचंद बघेल कृषि रत्न पुरस्कार- धनेन्द्र कुमार साहू, धमतरी और वामन कुमार टिकरिहा, बलौदाबाजार
- महाराजा अग्रसेन सम्मान - राजेंद्र अग्रवाल (राजू) बिलासपुर
- चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार - संदीप कुमार तिवारी, रायपुर
  डॉ. सोमेश कुमार पटेल, रायपुर
  अभिषेक शुक्ला, रायपुर
- मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार- भावना पांडेय, दुर्ग
- दानवीर भामाशाह सम्मान- नीरज कुमार बाजपेयी जिला- राजनांदगांव
- धन्वन्तरि सम्मान - डॉ. अजय कृष्ण कुलश्रेष्ठ
- श्रीमती बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार - सुखदेव दास जिला-रायपुर
- डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान - जंगो रायतार विद्या केतुल शिक्षण संस्था, ग्राम / पोस्ट- दमकसा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर
- रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार- मिथलेश कुमार आदिल एवं अग्रसर टीम जिला दुर्ग
  एनटीपीसी लिमि. लारा, सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, पुसौर जिला-रायगढ
- पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान- योगेश कुमार साहू, कांकेर
- छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान- मनीष तिवारी, रायपुर
- देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार- राहित कुमार कोसरिया, महासमुंद
- किशोर साहू सम्मान - सुनील सोनी जिला-रायपुर
- लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान - राकेश तिवारी, रायपुर
- लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार - विनोद कुमार वर्मा, जिला-बिलासपुर
- किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण - अनुराग बसु, मुम्बई
- बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान - खेमचंद जैन-राजनांदगांव, डॉ. सुरेश मणि त्रिपाठी- रायपुर, डॉ. भूपेन्द्र करवन्दे, -रायपुर, भरतलाल सोनी-रायपुर
- वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार - प्रेमशीला बघेल, जिला महासमुंद
- माता बहादुर कलारिन सम्मान - शिल्पा पाण्डेय सृष्टि, जिला-सरगुजा
- पंडित माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान -अवधेश कुमार नई दिल्ली
- संस्कृत सम्मान - डॉ. दादू भाई त्रिपाठी जिला रायपुर

## बिलासपुर रेल हादसे में अब तक 11 की मौत, शुरू हुई हादसे की जांच

# गलत सिग्नल वाली लाइन पर चलाई ट्रेन इसलिए हादसा मृत चालक पर केस दर्ज, असिस्टेंट अब भी गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मंगलवार की शाम को 4 बजकर 10 मिनट पर अप लाइन में कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल ट्रेन कोयला से लदी खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सामने का ब्रेक यान, गार्ड डिब्बा, इंजन सहित महिला और दो अन्य कोच मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए, जिसमें नीचे का हिस्सा कोच के नीचे लटका रहा। इस टक्कर के कारण लोकल ट्रेन का चालक विद्यासागर ब्रेक यान और दूसरे उपकरण में बुरी तरह से दब गया।

वहीं महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि सिंह को गंभीर चोट पहुंची है। चालक और सहायक चालक के साथ महिला और दूसरे कोच में सफर कर रहे यात्रियों में मौके पर 6 से अधिक यात्री कोच के स्लीपर, प्लाई और बर्थ के नीचे दबकर मर गए। वहीं देर रात तक मृतकों की संख्या 6 से बढ़कर 11 में पहुंच गई। मृतकों में किसी के हाथ कट गए थे तो ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ये है 11 मृतकों के नाम

- जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजे गए मृतकों में रेलवे का लोको पायलट देवरीखुर्द तोरवा निवासी विद्यासागर पिता जवाहर 53 साल
- लालपुर रतनपुर निवासी गोदावरी बाई यादव पति जोगीराम यादव 60 साल,
- मस्तूरी पाराघाट निवासी प्रमिला वस्त्रकार पति कुमार वस्त्रकार 55 साल,
- देवरीखुर्द बिलासपुर निवासी शीला यादव पति अर्जुन यादव 32 साल,
- कोसा मुलमुला जांजगीर-चांपा निवासी रंजीत कुमार प्रभाकर पिता लक्ष्मीराम प्रभाकर 30 साल,
- रेलवे अस्पताल कोरबा निवासी अंकित अग्रवाल पिता तुलाराम अग्रवाल 35 साल
- सक्ती निवासी प्रियाचंद्र पिता अशोक कुमार 21 साल ▶▶| शेष पेज 7 पर

*मंगलवार को हुए रेल हादसे में अब तक 11 यात्रियों की मौत की पुष्टि की गई है। 20 से अधिक यात्री घायल हैं, जिनमें लोकल ट्रेन की सहायक चालक रश्मि राज भी शामिल हैं। घटनास्थल पर अब भी हादसे की दहशत नजर आ रही है। एक तरफ जांच चल रही है तो दूसरी तरफ लोग लाशों के निशान देख रहे हैं। प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि गलत सिग्नल वाली लाइन में लोकल ट्रेन चलाने की वजह से यह भीषण हादसा हुआ है।*

### बच्चे के सिर से उठ गया मां-बाप का साया

कोरबा से बिलासपुर आने वाली लोकल ट्रेन में एक ही परिवार के लोग भी चांपा से बिलासपुर तक सफर कर रहे थे। इसमें देवरीखुर्द निवासी अर्जुन यादव उनकी पत्नी शीला यादव और शीला यादव की माता मानमती यादव के साथ एक ढ़ाई साल का बच्चा भी था। अर्जुन यादव आटो चालक थे और स्कूल के बच्चों को छोड़ने के अलावा सवारी गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी कुछ दिनों से तबीयत ▶▶| शेष पेज 5 पर




रेल हादसा :

चार खंभों के बीच हुआ हादसा जांच गतौरा से लालखदान तक

### सीआरएस ने शुरू की जांच

बिलासपुर। लालखदान के पास मंगलवार को हुए रेल हादसे की बुधवार को सीआरएस बीके मिश्रा ने जांच शुरू की। रेलवे अधिकारियों के साथ श्री मिश्रा ने रेलवे ट्रैक के साथ सिग्नल और दुर्घटनाग्रस्त कोच का निरीक्षण किया। टेप से दोनों गाड़ियों की दूरी की नाप कराने के बाद मार्किंग भी कराई। दो घंटे जांच करने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों से चर्चा की। लालखदान चौकसे कॉलेज के पास हावड़ा-मुम्बई मुख्य मार्ग पर चार खंभों 714/20 से लेकर 714/24 के बीच मालगाड़ी और लोकल ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### घटना स्थल की जांच

सीआरएस ने लोकल और मालगाड़ी के बीच टक्कर हुई रेल लाइन की जांच कराई। इस दुर्घटनाग्रस्त हुए कोच को देखा, जिसके ऊपर गार्ड वैन का पहिया भी चढ़ा हुआ था। दो घंटे तक जांच और अधिकारियों से चर्चा करने के बाद सीआरएस बिलासपुर रेल मंडल की ओर रवाना हो गए। एक साल में हुई दूसरी ▶▶| शेष पेज 7 पर

अधूरे रह गए उज्ज्वल भविष्य के सपने

### हादसे में होनहार छात्रा की मौत

सक्ती। रेल हादसे में जैजैपुर ब्लॉक के बहेराडीह गांव की होनहार छात्रा प्रिया चंद्रा की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। समिति कर्मचारी अशोक चंद्रा की बड़ी बेटी प्रिया शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी थी। पिता ने उसकी लगन और मेहनत को देखते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के सुनहरे सपने संजोए थे, लेकिन मंगलवार को हुए हादसे ने उन सभी सपनों को पलभर में चकनाचूर कर दिया।प्रिया चंद्रा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में अध्ययनरत थी। वह 4 नवंबर की सुबह अपने गांव से बिलासपुर के लिए निकली थी और लोकल मेमू ट्रेन से सफर कर रही थी। दोपहर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### *रेल लाइन घुमावदार इसलिए चालक नहीं देख पाया सिग्नल*

बिलासपुर। कोरबा-बिलासपुर लोकल ट्रेन के चालक ने गलत सिग्नल देखकर उस लाइन पर गाड़ी चला दी, जिसके कारण लोकल खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। प्रारंभिक जांच के दौरान रेल अफसरों को यह जानकारी मिली है। गतौरा से लाल खदान के बीच रेल लाइन घुमावदार है, जिसके कारण संभवतः चालक को सिग्नल देखने में परेशानी हुई। इधर पुलिस ने मृत लोको पायलट के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मंगलवार को चालक विद्यासागर और असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज कोरबा से बिलासपुर लोकल ट्रेन लेकर आ रहे थे। शाम 4 बजकर 10 मिनट पर लालखदान के पास अप लाइन पर खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी से लोकल ट्रेन टकरा गई। हादसे के बाद सीआरएस ने मामले की जांच शुरू की है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ और जांच के दौरान उच्चाधिकारियो को यह जानकारी मिली है कि चालक और सहायक चालक जिस लाइन पर लोकल ट्रेन लेकर आ रहे थे, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### खेत में फेंका गया कोच

लालखदान चौकसे कॉलेज के पीछे कोरबा से बिलासपुर आने वाली लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस जबरदस्त टक्कर के कारण लोकल ट्रेन के सामने लगा इंजन, ब्रेक यान, पीछे लगे दो यात्री कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। हादसे के बाद रेल अफसरों ने मंगलवार की देर रात तक मालगाड़ी के ऊपर चढ़े इंजन व अन्य कोच को अलग करने का काम शुरु किया। बुधवार की सुबह 5 बजे तक क्षतिग्रस्त हुए कोच को काटकर अलग करने के बाद लाइन के बगल से लगे खेत में फेंक दिया गया है।

सुरक्षा बलों का ऑपरेशन

## अन्नाराम और मरीमल्ला के जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के तारलागुड़ा थाना क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। बुधवार देर शाम तक नक्सलियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी होने की बात कही जा रही है।

- बीजापुर के तारलागुड़ा थाना क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर ऑपरेशन

आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि माओवादी गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियानों के अंतर्गत सुरक्षा बल लगातार जिले में सघन कार्रवाई कर रहे हैं। आईजी ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की कई टुकड़ियां ▶▶| शेष पेज 7 पर

### *अतिरिक्त बल भेजा गया*

*बताया जा रहा है कि अन्नाराम-मरीमल्ला के जंगल में देर शाम तक पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। घना जंगल व दुर्गम इलाका होने के कारण सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है और इलाके में नजर रखी जा रही है। वहीं मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त बल को भी स्थल की ओर रवाना किया गया है।*

अंबानी के रिलायंस ग्रुप की मुश्किलें और बढ़ीं

## अनिल पर संकट, कार्पोरेट मंत्रालय ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप के लिए मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले से ही ईडी, सीबीआई और सेबी की जांचों का सामना कर रहे समूह पर अब कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने भी शिकंजा कस दिया है। मंत्रालय ने समूह की कई प्रमुख कंपनियों में कथित फंड के दुरुपयोग और कंपनी कानून के गंभीर उल्लंघनों की जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को सौंप दी है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ईडी ने जब्त की 7,500 करोड़ की संपत्तियां

जांच से पहले ही ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 7,500 करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त की थीं। इनमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की करीब 30 संपत्तियां और कई रियल एस्टेट कंपनियों जैसे आधार प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी, मोहनबीर हाईटेक बिल्ड, विहान43 रियल्टी और कैंपियन प्रॉपर्टीज से जुड़ी संपत्तियां शामिल हैं।

गांव में बना चर्चा का विषय, पुलिस नए सिरे से कर रही मृतक की पहचान

# परिजन ने जिस युवक का किया अंतिम संस्कार वह लौट आया घर, कहा- मैं अभी जिंदा हूं ...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

घर के किसी सदस्य की मौत हो जाए तो उस घर के परिजन पर क्या बीतती होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। ऐसे में अगर परिजन परिवार के जिस सदस्य का अंतिम संस्कार कर आगे के कार्यक्रम की तैयारी कर हो और उसी समय वही युवक घर आकर परिजन को यह बताए कि वह जिंदा है तो परिवार की खुशी का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ तरह की घटना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम चंदरपुर में हुई। यहां तीन दिन पूर्व कुएं में मिले शव को परिजन ने अपने परिवार के सदस्य के रूप में पहचान का अंतिम संस्कार कर दफना दिया। वह तीसरे दिन घर लौट आया। इधर, पुलिस ने अब नए सिरे से मृतक ▶▶| शेष पेज 7 पर



### पुरुषोत्तम को देखने उमड़ पड़ा गांव

पुरुषोत्तम जब घर पहुंचा तो उसे देखने उसके घर पर भीड़ लग गई। यह गांव में चर्चा व कौतूहल का विषय बन गया। युवक की मौत की सूचना पर परिजन व रिश्तेदार सदमे में थे। लेकिन मौत की घटना झूठी निकलने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अंबिकापुर में रिश्तेदार के घर में था

जिस पुरुषोत्तम को मृत समझकर परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया था, वह अंबिकापुर में रिश्तेदार के घर था। जब इसकी जानकारी रिश्तेदार को हुई तो उसने घर पहुंचकर पुरुषोत्तम के जिंदा होने की जानकारी दी। कुछ देर के लिए परिजन को विश्वास नहीं हुआ। मरा हुआ पुरुषोत्तम जब परिजन के सामने आया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### जिसका अंतिम संस्कार हुआ, वह कौन?

अब सवाल उठ रहा है कि जिस युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया, आखिर वह कौन है? उसकी पहचान आखिर क्यों नहीं हो सकी। मृतक का शिनाख्त करना अब पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका है, क्योंकि शव को दफन कर दिया गया है। एएसपी संतोष महतो का कहना है कि मृतक के कपड़े व उसकी अंगुली के टुकड़े को प्रिजर्व किया गया है। उसके आधार पर परिजन का सैंपल मिलान किया जाएगा।



# छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण पुरस्कार
# 41 विभूतियों को मिला सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 41 विभूतियों का सम्मान किया। श्री राधाकृष्णन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, पांच दिवसीय इस महोत्सव में लोगों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और प्रभावशाली सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की झलक देखी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई अतिथि मौजूद थे।



## उल्लेखनीय क्रियान्वयन और प्रदर्शन का भी सम्मान...



### छत्तीसगढ़ एक ऊर्जावान, विकासशील एवं विकसित राज्य: कृष्णन

# लखपति दीदी सम्मेलन छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था व महिला सशक्तिकरण की एक जीवंत तस्वीर: उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने संबोधित करते महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर मधुसूदन



यादव और पद्मश्री फुलबासन यादव उपस्थित रही। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को महतारी वंदन योजना में प्रदेश की 69 लाख 07 हजार 615 महिला हितग्राहियों को 646 करोड़ 52 लाख 10 हजार रुपए और नियद नेल्लानार योजना में 7 हजार 658 हितग्राहियों को 76 लाख 26 हजार 500 रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते उपराष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ी में कहा कि जम्मो भाई-बहिनी मन ला जय जोहार। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की स्थापना के 25 वर्षों का आनंद उत्सव मना रहे हैं।

### राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक क्षण: रमन

विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव में लखपति दीदियों का सम्मेलन छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने और विकास की राह में आगे बढ़ाने की दिशा में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवान्वित होने वाला दिन है, क्योंकि देश के उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री राजनांदगांव में लखपति दीदियों के काम को देख रहे हैं।

### तेजी से हो रहा प्रदेश का विकास: साय

लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़वासियों के लिए सौभाग्य का दिन है कि देश के उपराष्ट्रपति छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान पहले पिछड़े प्रदेशों के रूप में थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने विकास के लिए कार्य करते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को स्थापित किया और चाऊर वाले बाबा के रूप में पहचान बनाई। राज्य निर्माण के बाद 15 वर्ष के कार्यकाल में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास हुआ।




रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025 | अगहन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 24, अंक: 108 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी














# आसमां में गूंजा 'जय जोहार' और 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'

## वायु सेना का एयर शो छत्तीसगढ़वासियों के लिए कमाल का अनुभव, लोग देखकर एक घंटे तक होते रहे मंत्रमुग्ध







**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर नवा रायपुर के सेंध जलाशय के ऊपर भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एरोबेटिक सूर्यकिरण की टीम ने रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ हजारों लोगों ने अद्भुत और रोमांचक एयर शो का आनंद लिया। एयर शो के दौरान सूर्यकिरण टीम के लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी ने आसमान से छत्तीसगढ़वासियों को रजत महोत्सव की बधाई दी। छत्तीसगढ़ निवासी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल ने अपने कॉकपिट से 'जय जोहार' और 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहकर दर्शकों का अभिवादन किया।




## खबर संक्षेप

### उलानबटोर में फंसे 228 यात्री पहुंचे भारत



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को बुधवार सुबह दिल्ली पहुंचाया। तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रहे विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मंगोलिया की राजधानी ले जाया गया।

### ट्रक से टकराकर खाई में गिरी बाइक, तीन की मौत

**बहराइच।** बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। सुबह करीब छह बजे मदन कोठी के पास घने कोहरे के कारण बजरी से लदे ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान लालूही गांव निवासी करण (32), उसकी पत्नी सेनू (28), बेटे विक्की (तीन) और मानिकपुर भगवानपुर के निवासी सेनू के भाई चंद्रकिशोर (35) के रूप में हुई है।

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, तीन भाइयों की मौत



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक पिकअप ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन भाइयों की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार देर रात बिहार थाना क्षेत्र में मलौना गांव के निकट उन्नाव-रायबरेली राजमार्ग पर हुई। मृतकों की पहचान मौरावां क्षेत्र के अकोहरी ग्राम पंचायत के बखतखेड़ा मोहल्ले के निवासी रघुनाथ के बेटे सचिन (20) और छोटू (18) के रूप में हुई है।

### हवाई अड्डे पर 26.7 लाख के ड्रोन जब्त

**हैदराबाद।** सीआईएसएफ ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 26.7 लाख रुपए मूल्य के 22 आधुनिक ड्रोन जब्त किए हैं। सीआईएसएफ की अपराध एवं खुफिया शाखा के कर्मियों ने सिंगापुर से आए एक यात्री को आगमन क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति के साथ दो बैगों की संदिग्ध रूप से अदला-बदली करते देखा, जिसके बाद उसे रोका गया। यात्री के सामान की तलाशी लेने पर 22 डीजेआई मिनी 5 प्रो ड्रोन, 22 रिमोट कंट्रोल और सहायक उपकरण बरामद हुए, जिनकी कीमत लगभग 26.7 लाख रुपये है।

*वोटर लिस्ट पर एक बार फिर गांधी का 'हाइड्रोजन बम', रिजिजू ने कहा-इनका 'बम' फटता क्यों नहीं?*

# राहुल बोले-हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी ब्राजील की मॉडल ने 22 जगह डाले वोट

*कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर 'वोट चोरी' को लेकर एक प्रेजेंटेशन दिया। कर्नाटक और महाराष्ट्र के बाद हरियाणा के विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि 'एच फाइल्स' किसी एक सीट की बात नहीं है, बल्कि राज्यों में वोट चोरी की बड़ी साजिश है। उन्होंने हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि ब्राजीलियन मॉडल का नाम हरियाणा की वोटर लिस्ट में कैसे आया? राहुल के आरोप पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है, वहीं चुनाव आयोग ने इसे निराधार बताया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग की मदद से बड़े पैमाने पर की गई धांधली किया गया। प्रदेश में करीब 25 लाख फर्जी वोट बनाए गए। साढ़े तीन लाख वोट काटे गए। इसके बावजूद कांग्रेस सिर्फ 22,000 वोटों से सरकार नहीं बना सकी।

- भाजपा का पलटवार- बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे

कर्नाटक और महाराष्ट्र में वोट चोरी के बड़े खुलासे करने के बाद बुधवार को इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में भी चुनाव आयोग की मिलीभगत से कांग्रेस की प्रचंड जीत को हार में बदल दिया। राहुल ने सबूतों के साथ /"हाइड्रोजन बम" का खुलासा करते हुए कहा कि हरियाणा में कुल दो करोड़ वोटरों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस नेता के आरोप

- हरियाणा वोटर लिस्ट में ब्राजील की मॉडल
- ब्राजील की मॉडल ने डाला 22 बार वोट
- हरियाणा में 8 वोटर में 1 वोटर नकली
- नकली फोटो वाले 1 लाख 24 हजार वोटर
- दो बूथ पर एक फोटो का 223 बार इस्तेमाल
- हर वोटर लिस्ट में अलग नाम, अलग उम्र
- फॉर्म 6, फॉर्म 7 के आधार पर वोट चोरी
- 3 .5 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट के काटे
- बीजेपी की मदद कर रहा चुनाव आयोग
- सीसीटीवी फुटेज को नष्ट किया जा रहा

### ऐसे काटे वोट

राहुल गांधी ने कहा कि 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर, 93,174 इनवैलिड पते और 19,26,351 बल्क वोटर्स के जरिए कम से कम 25,41,144 वोट चोरी किए गए। उन्होंने कहा कि फॉर्म छह और सात से मतदाताओं को जोड़ा और घटाया जाता है, कर्नाटका खुलासों के बाद चुनाव आयोग ने कुछ बदलाव कर दिए हैं, जिनके कारण इनकी कुल संख्या का अब पता नहीं लग सकता। लेकिन कांग्रेस की जांच में सामने आया कि साढ़े तीन लाख मतदाताओं के वोट काटे गए।

### पोस्टल बैलेट में था 73 -17 का अंतर

राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ कि पोस्टल बैलेट के नतीजे और चुनाव के नतीजे अलग थे। पोस्टल बैलेट में कांग्रेस 73 और भाजपा सिर्फ 17 सीटों पर आगे थी। सभी एग्जिट पोल भी बता रहे थे कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, लेकिन उसी समय हरियाणा के मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए कह रहे थे कि चुनाव भाजपा ही जीतेगी, 'हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए'।

### राहुल के आरोपों पर आयोग की त्वरित प्रतिक्रिया

राहुल गांधी के प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते हो हरियाणा चुनाव आयोग की ओर से 10 प्वाइंट्स के जवाब एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए। जिसमें कई जानकारियों के साथ ये भी बताया गया की कांग्रेस पार्टी की ओर से तब किसी भी पदाधिकारी, इलेक्शन एजेंट्स ने किसी तरह की कोई शिकायत नहीं दर्ज की। आयोग एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा की राहुल गांधी की ओर से जो भी दावा किया जा रहा है वो सब मसले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

### भाजपा बोली-बिहार में चुनाव और चले गए कोलंबिया

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि, ये बताते हैं कि हाइड्रोजन बम फटेगा, लेकिन इनका एटम बम फटता क्यों नहीं है?

### बिहार में पहले चरण में 121 सीटों पर आज मतदान

बिहार की सियासत अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। गुरुवार, 6 नवंबर को पहले चरण की वोटिंग में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेगी।

---- छत्तीसगढ़ के बाद यूपी में बड़ा हादसा ----

# कालका मेल की चपेट में आने से छह श्रद्धालुओं की मौत



एजेंसी ▶▶| मिर्जापुर

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से छह महिलाओं की मौत हो गई। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई जब यात्री चौपन एक्सप्रेस ट्रेन से पटरी वाली तरफ उतर गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान वे सामने से आ रही नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। सिंह ने बताया कि ये लोग कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए यहां आए थे।

### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान सविता (28), साधना (16), शिव कुमारी (12), अंजू देवी (20), सुशीला देवी (60) और कलावती (50) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बलों को दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का आदेश दिया गया है।

### कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए मिर्जापुर आए थे सभी यात्री

रेलवे ने एक बयान में कहा, ये यात्री कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए मिर्जापुर आए थे। फुटओवर ब्रिज होने के बावजूद, वे पटरियों से प्लेटफार्म पार कर रहे थे, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

**परमाणु खतरे की आहट से हड़कंप**

# अमेरिका ने किया न्यूक्लियर टेस्ट कैलिफोर्निया से दागी मिनटमैन-3



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी वायुसेना का ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने कैलिफोर्निया से एक बिना हथियार वाली मिनटमैन-3 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का टेस्ट लॉन्च किया। यह रेगुलर टेस्ट था। मिसाइल मार्शल द्वीप समूह के पास रोनाल्ड रीगन बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस टेस्ट साइट पर उतरी। यह टेस्ट राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूक्लियर हथियारों पर टिप्पणियों के बाद हुआ। ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका को पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पेंटागन को तुरंत परीक्षण शुरू करने को कहा, लेकिन ऊर्जा विभाग ने स्पष्ट किया कि अभी विस्फोट वाले परीक्षण नहीं होंगे।

यह आदेश व्यापक नीति का हिस्सा है, जो कॉम्प्रिहेंसिव न्यूक्लियर-टेस्ट-बैन ट्रीटी के तहत आता है।

### मिनटमैन-3

मिनटमैन-3 अमेरिका की सबसे पुरानी आईसीबीएम है, जो 1970 के दशक से इस्तेमाल हो रही है। यह जमीन से लॉन्च होती है और 13,000 किलोमीटर दूर तक मार कर सकती है। इसमें न्यूक्लियर वॉरहेड लगाया जा सकता है, लेकिन इस टेस्ट में कोई हथियार नहीं था। अमेरिका के पास लगभग 400 ऐसी मिसाइलें हैं, जो रूस और चीन जैसे देशों के खिलाफ रक्षा का हिस्सा हैं। यह मिसाइल 'मिनटमैन' नाम से इसलिए जानी जाती है क्योंकि यह एक मिनट में तैयार हो जाती है. अमेरिका 2030 तक इसे नई मिसाइल से बदलने की योजना बना रहा है, लेकिन तब तक ये टेस्ट जारी रहेंगे।

### इधर, रूस सख्त, योजना बनाने के निर्देश

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं पर प्रस्ताव तैयार करें। राष्ट्रपति सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए पुतिन ने बयान को दोहराया कि मॉस्को केवल तभी परमाणु परीक्षण दोबारा शुरू करेगा।

## 'लखपति दीदी सम्मेलन' में उपराष्ट्रपति



**राजनांदगांव।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने 'लखपति दीदी सम्मेलन' में भाग लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने 'लखपति दीदी' पहल की सराहना की तथा इसे भारत की महिलाओं की शक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया। राधाकृष्णन ने राजनांदगांव स्थित उदयाचल स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान में एक नए पांच-मंजिला भवन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहे।

**सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को दिए निर्देश**

# महादेव सट्टेबाजी में फरार आरोपी उप्पल को ढूंढ़कर करें गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को महादेव सट्टेबाजी ऐप के सह-संस्थापक रवि उप्पल का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। वह दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। कोर्ट ने कहा कि सफेदपोश अपराध के आरोपियों के लिए अदालतों और जांच एजेंसियों को 'खिलौना बनाने' नहीं दिया जा सकता है।

### 14 को सुनवाई


पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर के लिए निर्धारित कर दी, क्योंकि उसके वकील ने समय मांगा था। पीठ ने वकील से कहा कि वह उप्पल को भारत लौटने और कार्यवाही का सामना करने के लिए राजी करें। उप्पल को दिसंबर 2023 में इंटरपोल नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे निगरानी में रिहा कर दिया गया।

## मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया, विक्ट्री स्पीच में दोहराया नेहरू का भाषण

# भारतवंशी ममदानी ने रचा इतिहास, बने न्यूयॉर्क के मेयर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने अमेरिका में न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। 34 वर्षीय ममदानी ने न्यूयॉर्क शहर के पहले मुस्लिम मेयर और एक सदी में मेयर का चुनाव जीतने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। अपनी जीत के जश्न में ममदानी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 1947 के मशहूर भाषण 'ट्रस्ट विथ डेस्टिनी' का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मुझे नेहरूजी के शब्द याद आ रहे हैं 'इतिहास में एक ऐसा क्षण बहुत कम आता है।



**जोहरान फॉर न्यू यॉर्क:** अपनी जीत के बाद अपनी जोहरान ममदानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें सिटी हॉल में न्यूयॉर्क मेट्रो का गेट खुलता हुआ नजर आ रहा है और दीवार पर 'जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी लिखा हुआ दिखाई दे रहा था।

### ममदानी को मिले 50.6 फीसदी मत

ममदानी ने रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा और न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराया जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। डेमोक्रेट उम्मीदवार ममदानी ने न्यूयॉर्क सिटी मेयर चुनाव में 948,202 वोट (50.6 प्रतिशत) हासिल कर जीत हासिल की। जबकि कुओमो को 776,547 वोट (41.3 प्रतिशत) मिले, जबकि स्लीवा को 137,030 वोट मिले।

### जश्न में बालीवुड गाने की धूम

जश्न के दौरान बैकग्राउंड में बॉलीवुड फिल्म 'धूम' का गाना 'धूम मचाले' बज रहा था। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए। संबोधन से पहले ममदानी अपनी पत्नी रमा दुवाजी और मां मीरा नायर के साथ मंच पर आए। मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। इस दौरान, पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंपारण की चुनावी सभा में कहा

# एनडीए सरकार ने बिहार में जंगलराज खत्म कर विकास को घर-घर पहुंचाया

*मोतिहारी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वी चंपारण में अपनी ताकत का जबरदस्त प्रदर्शन किया। बुधवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मधुबन के गौशाला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह के समर्थन में जनता से वोट देने की अपील की। अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने लालू-राबड़ी के दौर की याद दिलाते हुए कहा कि एक समय था जब जंगल राज में बिहार के आम लोगों के लिए घर से निकलना भी मुश्किल था। लेकिन एनडीए सरकार ने वह दौर बदल दिया है। उन्होंने कहा आज बिहार का हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। एनडीए सरकार ने विकास को घर-घर तक पहुंचाया है चाहे वह सड़क हो, शिक्षा हो या रोजगार के अवसर।*

**राज्य में गुरुवार को पहले चरण के लिए होना है मतदान**

**दूसरे चरण का मतदान होगा 11 को, नतीजे आएंगे 14 को**

### लालटेन युग खत्म अब एलईडी युग

जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोड़ी की तारीफ करते हुए कहा कि इन दोनों नेताओं ने बिहार को लालटेन युग से निकालकर एलईडी युग में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा नीतीश कुमार ने लालटेन की रोशनी को पीछे छोड़ते हुए हर घर में उजाला पहुंचाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है। यह जोड़ी ही बिहार के विकास की गारंटी है।



### इंडिया गठबंधन अवसरवादी और दिशाहीन

नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए एक हीरा है हिम्मत, ईमानदारी, रफ्तार और आत्मविश्वास का प्रतीक। वहीं इंडिया गठबंधन अवसरवादी और दिशाहीन है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा, और यह सरकार बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। अपने भाषण में नड्डा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार को नए हाईवे प्रोजेक्ट, शिक्षा में सुधार और रोजगार के अवसरों का लाभ मिल रहा है।

बेतिया की चुनावी सभा में गरजीं प्रियंका

# 'मोदी साम्राज्य में अदाणी-अंबानी का कर्ज माफ होता है, किसानों का नहीं'

एजेंसी ▶▶| बेतिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बेतिया की चुनावी सभा में मोदी सरकार को जमकर निशाने में लिया। यहां चनपटिया की सभा में उन्होंने कहा, मोदी साम्राज्य में किसान कर्ज लेता है और ब्याज चुकाते-चुकाते उसकी कमर टूट जाती है। आपका कर्ज कभी माफ नहीं होता, लेकिन अंबानी-अदाणी का लाखों करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है। 20 साल में इस सरकार ने बस आपको संघर्ष करने की आदत डलवाई है। चंपारण की धरती से ही आजादी के आंदोलन की शुरुआत हुई। यहां के किसानों की आवाज महात्मा गांधी तक पहुंची और वो यहां तक आए। आज अंग्रेजों का नहीं मोदी का साम्राज्य है। इस राज में सब कुछ महंगा हो गया है। देश के प्रधानमंत्री बिहार के सीएम को अपने मंच पर नहीं लाते हैं। दूसरी पार्टी पर सवाल उठाते हैं। वो कहते हैं कि कांग्रेस के पोस्टर में तेजस्वी की तस्वीर छोटी है। उन्हें देश की नहीं राहुल गांधी और तेजस्वी के भविष्य की चिंता है।



**मकान सिंह, खदान सिंह, ठेकेदार सिंह आपको लूट रहे :** मंच से नेताओं ने कहा कि बीजेपी विधायक मकान सिंह ने चनपटिया को लूटा है। इस पर प्रियंका गांधी ने हंसते हुए कहा कि कैसे-कैसे नाम हैं। मकान सिंह। जैसा नाम, वैसा काम। लोगों को लूट-लूटकर अपने मकान बना रहे हैं। बिहार में पता नहीं कितने मकान सिंह, खदान सिंह और ठेकेदार सिंह होंगे जो आपको लूट रहे हैं। ऐसी सरकार को बदलने का वक्त आ गया है।

### बीजेपी वाले बिहारियों को घुसपैठिया बुलाते

इससे पहले उन्होंने वाल्मीकि नगर में चुनावी सभा में कहा था- मेरे भाई राहुल गांधी ने बिहार में वोट चोरी के खिलाफ यात्रा निकाली। बीजेपी वालों ने कहा कि घुसपैठियों की लिए यात्रा निकाली। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या बिहार के लोग घुसपैठिए हैं। बीजेपी वाले नहीं चाहते हैं कि समाज के हित के लिए लड़ाई लड़ी जाए। समाज के हर वर्ग को मौका मिलना चाहिए। हर चुनाव में वोट चोरी हो रही है। पता नहीं आने वाले दिनों में चुनाव होगा या नहीं। देश से शिकायत ये है कि यहां के लोग चुप हैं। अपनी शक्ति को पहचानिए, इस सरकार को बदल दो। खदेड़ दो ऐसी सरकार को। ऐसी सरकार लाओ जो आपका विकास करे। हमारी शहादत को ये परिवारवाद कहते हैं। बिहार की धरती से स्वतंत्रता आंदोलन शुरू हुआ था।

# राजद कितनी भी बड़ी घोषणा करे कभी विश्वास नहीं करना : योगी

गयाजी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गयाजी के वजीरगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। योगी ने पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा, पहले चरण में इन लोगों ने पशुओं का चारा खाया। दूसरे चरण में गरीबों का राशन हजम कर जाएंगे। अगर इन लोगों को अवसर दिया तो, मैं आपसे कहता हूं, फिर से जंगलराज आएगा। इसलिए एनडीए कैंडिडेट्स को वोट देकर जिताइए। राजद कितनी भी बड़ी घोषणा करे कभी विश्वास नहीं करना। जो राम का नहीं हुआ, वो हमारे किसी काम का नहीं होगा। जो राम द्रोही है, वो हमारा भी द्रोही है। ये लोग जंगलराज ही लाएंगे। आगे भी यही करेंगे।' योगी ने सभा में खड़े 7 बुलडोजर दिखाते हुए कहा- 'देख लीजिए यही आपके बिहार में भी चलने वाले हैं। बस हमारी सरकार बनवाइए।'



**बिहार में राजद व कांग्रेस का इलाज एनडीए है**

सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'राजद और कांग्रेस ने किसानों को लूटा। विकास का पैसा अपने परिवार के विकास में लगा दिया। उनके राज में सब चौपट था। नक्सलवाद फैलता गया। माफिया राज फैलता गया। सत्ता के समानांतर माफिया की सरकार चलने लगी। जिस बिहार ने देश को बनाया। इन लोगों ने उस बिहार के लोगों के सामने पहचान का संकट पैदा किया। किसानों को खुदकुशी करने पर मजबूर किया। बहन और बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया। व्यापारी पलायन करने लगा। पूरा विकास बाधित कर दिया। बिहार में राजद और कांग्रेस का इलाज एनडीए है।'

# 'अब बिहार को गुजराती नहीं, बल्कि बिहारी ही चलाएंगे'

**शिवहर।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को शिवहर में बिहार की सत्ता को कुछ लोगों तक सीमित बताते हुए कहा कि अब हर परिवार सरकार चलाएगा। तेजस्वी यादव ने खचाखच भरी भीड़ के सामने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो केवल 20 महीने में ही बिहार की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब बिहार को गुजराती नहीं, बल्कि बिहारी ही चलाएंगे। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 20 साल से चाचा सरकार चला रहे हैं, फिर भी बिहार में विकास नहीं हुआ। अपनी बात रखते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, 'मेरी उम्र थोड़ी कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की है।'



**महिलाओं को देंगे एकमुश्त 30,000 रुपए**

तेजस्वी ने महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी नवनीत कुमार झा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि यदि उनकी सरकार बनती है, तो 14 जनवरी को महिलाओं को एकमुश्त 30,000 रुपए दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश, 7 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथॉरिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे रहा है।

### एयर इंडिया की चेक-इन प्रणाली बाधित, उड़ानें लेट

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया की चेक-इन प्रणाली बुधवार को दिल्ली और कुछ अन्य हवाई अड्डों पर बाधित रही, जिससे कई उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। चेक-इन प्रणाली में यह समस्या तृतीय पक्ष की नेटवर्क कनेक्टिविटी में आई खराबी के कारण उत्पन्न हुई थी। टाटा समूह की एयरलाइन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब चेक-इन प्रणाली को बहाल कर दिया गया है लेकिन स्थिति सामान्य होने तक कुछ उड़ानों में थोड़ी देरी जारी रह सकती है। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "कुछ हवाई अड्डों पर हमारी चेक-इन प्रणाली को प्रभावित करने वाली नेटवर्क कनेक्टिविटी समस्या के कारण उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई।

### इजराइल ने लौटाए 15 फलस्तीनियों के शव

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)।** इजराइल ने हमास के साथ हुए समझौते के तहत 15 फलस्तीनियों के शवों को लौटाया है। गाजा स्थित अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इसी के साथ इजराइल द्वारा गाजा को वापस किए गए फलस्तीनियों के शवों की संख्या 285 हो गई है। इजराइल-हमास युद्ध विराम के तहत इजराइल ने ये 15 शव हमास द्वारा सात अक्टूबर 2023 के हमले में बंधक बनाए गए एक इजराइली सैनिक का शव लौटाए जाने के एक दिन बाद गाजा भेजे हैं। हमास ने 10 अक्टूबर से शुरू हुए युद्ध विराम के तहत 21 बंधकों के अवशेष इजराइल को लौटाए हैं।

**प्रकाश उत्सव पर गए थे दर्शन करने**

# भारत से पाकिस्तान गए 12 हिंदुओं को धर्म पूछकर लौटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रकाश उत्सव के मौके पर पाकिस्तान जाकर गुरुद्वारों के दर्शन करने पहुंचे 14 हिंदू श्रद्धालुओं को पाकिस्तानी प्रशासन ने हिंदू होने का हवाला देकर वापस भेज दिया। ये श्रद्धालु दिल्ली के भाटी माइंस क्षेत्र के रहने वाले हैं और सिख जथे के साथ वीजा लेकर पाकिस्तान गए थे। उनका कहना है कि उन्हें पाकिस्तान में प्रवेश भी दिया गया और गुरुद्वारा कमेटी ने स्वागत भी किया। लेकिन बस में बैठने के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें रोक दिया और कहा कि आप हिंदू हैं, क्यों जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु पंजा साहिब, ननकाना साहिब, करतारपुर साहिब और सच्चा सौदा गुरुद्वारा में मत्था टेकने के लिए निकले थे। वे दिल्ली से गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के मौके पर पाकिस्तान पहुंचे थे। जैसे ही वे पाकिस्तान में प्रवेश करने पहुंचे, वहां मौजूद अधिकारियों ने उनकी पहचान पूछी और हिंदू होने की बात सामने आने पर उन्हें रोक दिया।



### किराए के पैसे भी वापस नहीं

श्रद्धालुओं का कहना है कि पाकिस्तान प्रशासन ने उन्हें वापस लौटने को कहा और दर्शन की अनुमति नहीं दी। साथ ही उनके बस किराए के लगभग 13,000 रुपये भी वापस नहीं किए गए। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे पूरी तैयारी और वीजा दस्तावेजों के साथ पहुंचे थे, लेकिन धर्म के आधार पर उन्हें रोका गया।

**अमेरिकी राजनीति में यह कॉकस बढ़ता जा रहा है तेजी से**

# ममदानी की जीत के बाद चर्चा में 'समोसा कॉकस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल के दो मुस्लिमों ने अमेरिका में चुनावों में जीत दर्जकर इतिहास रच दिया है। इनमें एक हैं गुजराती मूल के जोहरान ममदानी जो न्यूयॉर्क सिटी का मेयर चुने गए है। वहीं हैदराबाद मूल की मुस्लिम महिला गजाला हाशमी हैं, जिन्होंने वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीता है। 34 साल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के सबसे कम उम्र के मेयर बनने वाले शख्स बन गए हैं। वह उस भारतीय-अमेरिकी समुदाय का सबसे नया चेहरा बन गए हैं, जिसने मात्र 12 वर्षों में अमेरिकी चुनावों में जीत दर्ज करने वालों की संख्या में पांच गुना इजाफा देखा है। उनकी जीत के बाद अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले 'समोसा कॉकस' की चर्चा अब खूब हो रही है। अमेरिकी राजनीति में यह कॉकस लगातार तेजी से बढ़ता जा रहा है।



### तीन भारतवंशी मुस्लिमों ने रचा इतिहास

*अमेरिका में स्थानीय स्तर पर हुए चुनावों के परिणाम ने अमेरिका के साथ ही हर भारतीय का सीना भी गर्व से चौड़ा कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर और सिनसिनाटी के मेयर के अलावा वर्जीनिया के गवर्नर पद के लिए हुए चुनावों में क्रमशः जोहरान ममदानी, आफताब पुरवाल और गजाला हाशमी जैसे भारतीय मूल के तीन मुस्लिम उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की है।*

### यह है 'समोसा कॉकस'

अमेरिका में चाहे राज्य स्तर पर हो या संघीय स्तर पर निर्वाचित पद संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय को ही 'समोसा कॉकस' कहा जाता है। यह अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय-अमेरिकी सांसदों के एक समूह को दिया गया एक उपनाम है। यह दक्षिण एशियाई मूल के, विशेष रूप से भारतीय मूल के, भारतीय-अमेरिकी विधायकों की बढ़ती संख्या को दर्शाता है। यह नाम लोकप्रिय भारतीय नाश्ते "समोसा" का एक मजेदार संकेत है। यह शब्द 2018 के आसपास इलिनोइस के राजा कृष्णमूर्ति द्वारा अमेरिकी राजनीति में भारतीय-अमेरिकियों के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाने के लिए गढ़ा गया था। इस कॉकस में प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों के सदस्य शामिल होते हैं जिनकी जड़ें भारत या दक्षिण एशिया में हैं। एक दशक से थोड़ा ज़्यादा समय पहले, इस सूची में आधा दर्जन से भी कम नाम शामिल थे लेकिन आज लगभग 60 नाम इस समुदाय से जुड़े हैं।

### काशी में देव दीपावली



**वाराणसी।** काशी, यूपी में कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार शाम देव दिवाली मनाई गई। मुख्यमंत्री योगी ने नमो घाट पर पहला दीप प्रज्जवलित किया, इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मठों-मंदिरों में 25 लाख दीये जलाए। 2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे। दशाश्वमेध घाट पर होने वाली देव दीपावली इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर रही।

### फिलीपींस के बाद ब्रह्मोस खरीदने वाला दूसरा आसियान देश बनेगा इंडोनेशिया!

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** 'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के अपने नारे के साथ तेजी से आगे बढ़ते भारत के लिए अब वो दिन दूर नहीं। जब वो इंडोनेशिया के साथ भी ध्वनि की गति से भी तेज गति से दुश्मन पर वार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की खरीद को लेकर एक समझौता करेगा। इसी के साथ फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया आसियान समूह का दूसरा देश बन जाएगा। जिसने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद की है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस मामले में बातचीत से संबंधित प्रक्रिया से जुड़े हुए सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने का काम पूरा हो गया है।

अफसरों को नोटिस किया जारी

# 'झूठा हलफनामा' एमपी पुलिस को सुप्रीम फटकार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। राज्य पुलिस ने एक जमानत याचिका का विरोध करते हुए झूठा हलफनामा पेश किया और एक आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज होने का आरोप लगाया, जबकि वह उनमें शामिल ही नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने कहा कि राज्य के पहले हलफनामे में दावा किया गया था कि याचिकाकर्ता के 'आठ अन्य आपराधिक रिकॉर्ड' हैं। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि इनमें से चार मामलों में, जिनमें से एक आईपीसी की धारा 376 के तहत दर्ज है, याचिकाकर्ता आरोपी भी नहीं था। जब यह मामला उठा तो राज्य ने अपनी गलती को स्वीकार किया। इसके पीछे राज्य ने तर्क दिया यह गड़बड़ी इसलिए हुई क्योंकि याचिकाकर्ता और उसके पिता के नाम एक जैसे थे और जानकारी 'कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न' की गई थी।

### स्पष्टीकरण को किया खारिज

पीठ ने स्पष्टीकरण को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि हम प्राधिकरण की ओर से लिए गए इस तरह के रुख को सिरे से खारिज करते हैं। इसे जमानत के लिए उपयुक्त मामला पाते हुए कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अनवर हुसैन को ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई जाने वाली शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने समक्ष दिए गए झूठे बयानों को गंभीरता से लेते हुए, विशेष रूप से एक नागरिक की स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले मामले में, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (प्रभारी अधिकारी) दिशेष अग्रवाल और संबंधित पुलिस थाने के अधिकारी इंद्रमणि पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

सबरीमाला मंदिर के 'सोने के खेल' की जांच और तेज की जाएगी

# चोरी में जो भी होंगे शामिल, सब पकड़े जाएंगे

एजेंसी ▶▶| सबरीमाला

केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में सोने की परत चढ़ाने में हुई गड़बड़ी की जांच तेज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एसआईटी को वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी है ताकि मंदिर से गायब सोने की असली मात्रा पता चल सके। पूर्व देवस्वम अध्यक्ष एन वासु से भी पूछताछ होगी. केरल हाईकोर्ट ने सबरीमला मंदिर में सोने की परत चढ़ाने के काम में हुई गड़बड़ियों पर बड़ी कार्रवाई की है। कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को वैज्ञानिक जांच की इजाजत दी है ताकि ये पता लगाया जा सके कि असल में मंदिर के सोने का कितना हिस्सा गायब या गबन हुआ है?

### केरल हाईकोर्ट ने वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी



**पूर्व बोर्ड अध्यक्ष से होगी पूछताछ**

एसआईटी अब एन. वासु से पूछताछ करेगी। ज्यादातर सोने की परत चढ़ाने का काम उनके कार्यकाल में हुआ था। भ्रष्टाचार कानून के तहत भी फंस सकते हैं अधिकारी हाई कोर्ट ने एसआईटी को ये भी जांचने को कहा है कि क्या टीडीपी के अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत शामिल किया जा सकता है।

### नए लगाए गए श्रीकोविल के दरवाजे की भी जांच होगी

एसआईटी अब अलग-अलग जगहों से सोने के सैंपल जुटाएगी और जांच करेगी कि मंदिर की मरम्मत और सजावट के दौरान कितना सोना 'खो गया' या 'गायब' कर दिया गया। कोर्ट ने ये भी मंजूरी दी है कि नए लगाए गए श्रीकोविल के दरवाजे की भी जांच की जाए, क्योंकि शक है कि उसे बदलने के दौरान भी बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ। ये आदेश तब आया जब एसआईटी ने हाई कोर्ट में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि ठेकेदार उन्नीकृष्णन पोट्टी पर गंभीर आरोप लगे हैं, जिन्हें त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के अधिकारियों ने जरूरत से ज्यादा छूट दे दी थी।



# अरबाज की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'थामा' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक- दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं।

## लाइफ Style

# खुशी

## श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल में काम कर रहीं


खुशी कपूर के 25वें बर्थडे के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि खुशी 'मॉम 2' की शूटिंग कर रही हैं। इस साल मार्च में बोनी कपूर ने खुलासा किया था कि वह खुशी कपूर को लेकर एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो 2017 की फिल्म 'मॉम'का सीक्वल हो सकता है। हालांकि, तब इसके नाम का अनाउंसमेंट नहीं हुआ था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'मॉम'में दिवंगत श्रीदेवी ने लीड रोल निभाया था। हाल ही में अनाउंस हुआ कि इस फिल्म का नाम 'मॉम 2' रखा गया है। खुशी कपूर के बर्थडे के मौके पर 'मॉम 2' के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं। 'मॉम 2' की शूटिंग दिवाली के बाद, 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई. लगभग 10-11 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। खुशी कपूर एक खास रोल निभा रही हैं और उनके साथ करिश्मा तन्ना भी हैं।'मॉम'का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया था। हालांकि, सीक्वल का निर्देशन गिरीश कोहली कर रहे हैं। गिरीश पहले फिल्म के स्टोरी राइटर्स में से एक थे। उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग भी अकेले ही लिखे थे। बोनी को लगा कि गिरीश इस सीक्वल के साथ न्याय करेंगे क्योंकि वह इस फिल्म को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें, गिरीश कोहली ने इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई सोहम शाह अभिनीत 'क्रेजिक्स' को डायरेक्टर कर अपनी काबिलियत साबित की है। बोनी 'मॉम 2' की अनाउंसमेंट अपने जन्मदिन, 11 नवंबर को भव्य तरीके से करने की योजना बना रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# हॉरर मिनी सीरीज है इट वेलकम...

**लॉस एंजिल्स।** हैलोवीन 2025 में एक नई डरावनी सीरीज 'इट - वेलकम टू डेरी' आई है। यह सीरीज़ पेनिवाइज की कहानी की शुरुआत दिखाएगी। इटः वेलकम टू डेरी एक रोमांचक हॉरर मिनी-सीरीज है, जो स्टीफन किंग के प्रसिद्ध उपन्यास 'इट' पर आधारित है। डायरेक्टर एंडी मुशिएत्ती ने इसे बनाया, जो पहले 'इट' फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह सीरीज डेरी शहर के अंधेरे इतिहास को खोलती है, जहां पेनिवाइज नामक भयानक क्लाउन का आतंक फैलता है।

# बॉलीवुड से है जोहरान ममदानी का कनेक्शन



**लॉस एंजिल्स।** जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर बने हैं। ऐसा करने वाले वह सबसे कम उम्र के शख्स हैं। साथ ही पहले मुस्लिम हैं, जो न्यूयॉर्क के मेयर बने हैं। वह इंडियन अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे हैं। मीरा अपने बेटे की उपलब्धि से काफी खुश हैं। मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी, लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। फिल्ममेकर अपनी एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है। मीरा नायर ने सलाम बॉम्बे के अलावा मानसून वेडिंग, वेनिटी फेयर, द नेमसेक, द पेरेस फैमिली, एमिलिया और क्वीन ऑफ कैट्वे जैसी फिल्में बनाईं। द नेमसेक में तब्बू और इरफान ने लीड रोल निभाया था।

# राजा शिवाजी में सलमान बनेंगे वीर योद्धा जीवा महाला, संजय से होगा भीषण युद्ध

**मुंबई।** सलमान खान के सुपरफैंस जहां उनकी बॉलीवुड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के लिए बेताब हैं, वहीं, भाईजान के मराठी दीवानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बन रही ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान खान नजर आने वाले हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंदर सहयोगी, बेहद साहसी और वफादार, जीवा महाला का किरदार निभाने वाले हैं। यही नहीं, यह फिल्म फैंस के डबल धमाका होगी, क्योंकि इसमें सलमान के साथ संजय दत्त भी होंगे, जो अफजल खान का रोल प्ले करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इसी शुक्रवार 7 नवंबर को 'राजा शिवाजी' में अपने हिस्से की शूटिंग करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे ग्रैंड विजुअल एक्सपीरियंस में से एक होने वाला है। यही नहीं, कहानी के लिहाज से भी यह भूमिका बेहद अहम और निर्णायक होगी। बहादुर और वीर, जीवा महाला ने अफजल खान के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट सैयद बंदा के भीषण हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज को बचाने का काम किया था। रितेश देशमुख की फिल्म में यह निस्वार्थ भाव और साहस का एक प्रमुख आकर्षण होगा। फिल्म में रितेश देशमुख लीड रोल में हैं और वह पर्दे पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। सलमान खान के जीवा महाला और संजय दत्त के अफजल खान की भूमिका को कुछ इस तरह फिल्माया जा रहा है कि दर्शकों को भव्यता, भावनाओं का भरपूर डोज मिले। जीवा महाला और अफजल खान के बीच का यह टकराव, वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी।



# गौरव मलते रहे हाथ अमल बने दोबारा कैप्टन



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस तक' के मुताबिक, घर में कैप्टेंसी टास्क हुआ। जिसमें म्यूजिकल चेयर के दौरान घरवालों को स्क्वेयर ब्लॉक पर चलना था। नियम ये था कि जैसे ही म्यूजिक बंद होगा, उस दौरान अगर एक ही ब्लॉक पर दो कंटेस्टेंट होंगे तो वह दोनों ही इस रेस से आउट हो जाएंगे। अब जब टास्क हुआ तो पांच राउंड में इसे पूरा किया गया। पहले राउंड में शहबाज और तान्या मित्तल आउट हुए तो बिग बॉस ने शहनाज गिल के भाई को टास्क का संचालक बना दिया। इसके बाद दूसरे राउंड में फरहाना और मृदुल एक ही ब्लॉक पर रहे तो वो टास्क से बाहर हो गए। इस दौरान दोनों में बड़ा झगड़ा भी हुआ। दोनों अपना-अपना प्वॉइंट प्रूफ करते हैं। फिर तीसरे राउंड में अभिषेक बजाज और नीलम के साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्हें भी कैप्टेंसी टास्क से हाथ धोना पड़ा। चौथे राउंड में गौरव खन्ना और मालती आउट हुए और पांचवें राउंड में कुनिका सदानंद और अशनूर कौर बाहर हो गए। कुल मिलाकर जिसने ये टास्क जीता, वह रहे अमल मलिक। वह अब इस घर के नए कैप्टन बन गए हैं और सीजन के इकलौते सदस्य हैं, जो दोबारा इम्यून हुए हैं।

# 120 बहादुर का गाना 'याद आते हैं' हुआ रिलीज




**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर'को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का पहला गाना 'दादा किशन की जय' रिलीज हुआ था। वहीं, बुधवार को फिल्म का एक और गाना 'याद आते हैं' रिलीज हुआ है। इस गाने में जवानों और उनके घरवालों की इमोशनल कहानी साफ नजर आ रही है। फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का नया गाना 'याद आते हैं।..' रिलीज हो चुका है। इस गाने को फरहान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'निकले थे जब हम घर से, अपने गांव से, नगर से, प्यार जो बरसे, याद आते हैं।' इस फिल्म का निर्देशन रजनीश 'राजी' घई ने किया है। इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह एक युद्ध फिल्म है। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह और राशि खन्ना शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका में हैं। फिल्म रेजांग ला की लड़ाई को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। यह युद्ध 18 नवंबर 1962 को लड़ा गया था, जब चार्ली कंपनी के 120 सैनिक, 13 कुमाऊं रेजिमेंट पूरी तरह सेसे बनी थी। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3: कृष्णा ने ईशा से खुद को बचाने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3', 22 नवंबर से कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा। हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे इसे आप देख सकेंगे, जिसमें अली गोनी, जन्नत जुबेर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल, एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, करण कुंद्रा, विवियन डीसेना, तेजस्वी प्रकाश, देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी दिखाई देंगे। लेटेस्ट प्रोमो में शेफ हरपाल फ्रेंच प्रेस के बारे में पूछते हैं तो ईशा कहती हैं कि वह जिस औजार का नाम ले रहे हैं, वो यहां है ही नहीं। फिर कृष्णा उन्हें 'ज और ज़' में अंतर सिखाते हैं और अंत में हार मान लेते हैं। कहते हैं, 'मैं आइंदा से आपसे कुछ नहीं बोलूंगा।' ईशा फिर कृष्णा से कहती हैं कि वह उनसे ऐसे क्यों बात कर रहे हैं, उन्होंने उनको प्याज दिए थे। तो कृष्णा कहते हैं, 'मेरे को कोई तो बचाओ।' इसके बाद अभिषेक आते हैं और एक्ट्रेस के मुंह पर टेप लगा देते हैं और कहते हैं, 'चुप।' और वह खड़ी रहती हैं। कुछ रिएक्ट नहीं करतीं। मुस्कुराती रह जाती हैं। हालांकि लोगों को ईशा की कॉमेडी पसंद नहीं आई। लोगों ने ओवरएक्टिंग कहा। और शो में नए एक्टर्स को जोड़ने पर सवाल खड़े किए कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया। एक्टर अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय का ब्रेकअप हुए अरसा बीत गया है। दोनों को 'बिग बॉस 17' में साथ देखा गया था। जहां इनके बीच चीजें काफी खराब हो गई थीं। हालांकि ,इस साल दोनों को दोबारा साथ देख फैंस को खुशी तो मिली थी लेकिन कुछ ने आपत्ति भी जताई थी। पहले इनका एक गाना आया और फिर इन्हें 'पति पत्नी और पंगा' में देखा गया। अब ये 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में नजर आ रहे हैं, जिसका लेटेस्ट प्रोमो जारी हुआ है।

## गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट



**मुंबई।** भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म 'गुस्ताख इश्क' से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'गुस्ताख इश्क' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। पोस्ट में लिखा है 'अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है। गुस्ताख इश्क अब 28 नवंबर को रिलीज होगी।' फिल्म का टीजर इस साल अगस्त में रिलीज किया गया था। टीजर में एक ऐतिहासिक प्रेम कहानी की झलक दिखी थी।

## वेलकम टू द जंगल में अक्षय-दिशा



**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर 'वेलकम 3' का एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें दिशा पाटनी उनके साथ दिख रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' की इस झलक के साथ अक्षय ने लिखा, 'हमारे दिल से आपके दिल तक। 18 साल बाद भी यह फिल्म खास है। पुरानी यादों के साथ, मैं और दिशा आपके लिए लाए हैं 'वेलकम टू द जंगल'। हमारी क्वीन कटरीना को कभी नहीं भूलेंगे।' वीडियो के आखिर में अक्षय कहते हैं, 'कटरीना, हमें तुम्हारी याद आ रही है।' अक्षय के अलावा फैंस भी कटरीना को इस फिल्म में मिस कर रहे हैं और कुछ फैंस दिशा को पसंद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग नवंबर से फिर से शुरू होगी और यह फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'वेलकम 3' को फिरोज ए. नाडियाडवाला बना रहे हैं। इस फिल्म को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं।




## चिंतन

# अपने ही देश अमेरिका में फंस गए राष्ट्रपति ट्रंप

बात-बात पर दुनियाभर के देशों को टैरिफ की धौंस दिखाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का हाल बेहाल है। राष्ट्रपति की सनक के चलते सबसे शक्तिशाली देश में 36 दिनों से सरकारी शटडाउन है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। शटडाउन की वजह से 4.2 करोड़ अमेरिकियों की फूड स्टैंप सहायता रुक गई है। अमेरिकी कृषि विभाग के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत है। शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। अब तक करीब 1 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की विकास दर में चौथी तिमाही में एक से दो फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई जा रही है। अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल एक अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि स्वास्थ्य बीमा की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। दोनों दलों के इसी मदभेद के चलते अमेरिका का हाल बेहाल हो रहा है। सबसे ज्यादा बुरा हाल सरकारी कर्मचारियों का है। उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। वे लगातार कर्ज के दलदल में फंस रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने से बाजार में भी मंदी के हालात हैं। खरीददारी ठप होकर रह गई है। इसके चलते उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। ट्रंप की सनक के चलते पहले तो दुनियाभर के देश परेशान थे, अब उनके अपने देश अमेरिका में ही बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अगर हालात यही रहे तो वो दिन दूर नहीं जब ट्रंप की सनक अमेरिका को ले बैठेगी।

## सेहत

डॉ. रेनू यादव



# डीएनए की रक्षा: जीवन और स्वास्थ्य की आधारशिला

हम अक्सर मानते हैं कि हमारे जीवन के सबसे बड़े खतरे बाहर हैं, जैसे सड़क दुर्घटनाएं, संक्रमण या गंभीर बीमारियां। लेकिन लगातार और सबसे गहरा हमला हमारे शरीर के भीतर मौजूद हमारी कोशिकाओं में डीएनए पर होता है। यह हमला अदृश्य है, हमें दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। डीएनए हमारे शरीर की सबसे बुनियादी और आवश्यक संरचना है, जिसे जीवन की "निर्देश पुस्तिका" कहा जा सकता है। इसमें हमारे शरीर की बनावट, रंग-रूप, व्यवहार, मेटाबॉलिज़्म और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारी सुरक्षित रहती है। हर कोशिका के केंद्र में मौजूद डीएनए ही यह तय करता है कि कौन-सी कोशिका क्या काम करेगी और शरीर का कौन-सा हिस्सा कैसे विकसित होगा। यदि डीएनए को नुकसान पहुंचता है, तो शरीर की कोशिकाएं गलत ढंग से काम करने लगती हैं, जिससे कैंसर, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन, हृदय रोग और समय से पहले बुढ़ापा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अधिकांश डीएनए क्षति की मरम्मत शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली स्वयं कर लेती है, किन्तु जब ऐसे आक्रमण निरंतर होते रहते हैं, तो यह तंत्र भी अपनी कार्यक्षमता खोने लगता है। डीएनए को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारक डीएनए पर सबसे बड़ा हमला सूर्य की पराबैंगनी किरणों से होता है। ये किरणें त्वचा की कोशिकाओं में प्रवेश कर उनके आनुवंशिक पदार्थ यानि डीएनए को क्षति पहुंचाती हैं। यदि लंबे समय तक इनसे बचाव न किया जाए, तो यह क्षति त्वचा कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का कारण बन सकती है। इसके अलावा, चिकित्सीय जांचों में प्रयुक्त एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी विकिरणें भी डीएनए को प्रभावित कर सकती हैं। यद्यपि इनका उपयोग चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार ही किया जाता है, परंतु बार-बार इनका संपर्क डीएनए क्षति के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्रदूषित वायु भी डीएनए की एक गंभीर शत्रु है। यही कारण है कि बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी बीमारियां आज विश्वभर में तेजी से बढ़ रही हैं। खानपान का प्रभाव भी कम नहीं है। अत्यधिक तेलयुक्त और प्रसंस्कृत, पैकेटबंद या मिलावटी भोजन शरीर में ऐसे प्रतिक्रियाशील रसायन उत्पन्न करता है जो कोशिकाओं को क्षति पहुंचाकर डीएनए की सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं। लंबे समय तक ऐसा आहार अपनाने से कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ वायरस भी सीधे डीएनए पर आक्रमण करते हैं।

उदाहरण के लिए, एचपीवी, वायरस गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण है, जबकि हेपेटाइटिस बी वायरस लीवर कैंसर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, तनाव और नींद की कमी भी डीएनए के लिए हानिकारक मानी जाती है। तनाव के दौरान बनने वाले हार्मोन कोशिकाओं की मरम्मत क्षमता को घटा देते हैं, वहीं नींद की कमी से शरीर की प्राकृतिक "रिपेयर प्रणाली" सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाती। धूम्रपान और शराब सेवन ऐसे कारक हैं जो डीएनए को सीधे क्षति पहुंचाते हैं, जिससे कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डीएनए की क्षति हृदय रोगों को भी बढ़ावा देती है। दिमाग़ी बीमारियाँ, जैसे अल्ज़ाइमर और पार्किंसन भी इसी से जुड़ी पाई गई हैं। समय से पहले बुढ़ापा, झुर्रियों का आना, बालों का झड़ना और शरीर का कमजोर होना भी डीएनए क्षति के संकेत हो सकते हैं। इसके साथ ही, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने पर बार-बार संक्रमण होने लगता है। हालांकि यह अदृश्य हमला पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सरल और सजग उपायों से इसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डीएनए की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है, संतुलित आहार और स्वच्छ वातावरण। ताज़े फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज और दालें शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स प्रदान करती हैं, जो डीएनए की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय रखते हैं। इसी प्रकार, आंवला, हल्दी, ग्रीन टी, अखरोट, बादाम और बेरीज़ का नियमित सेवन भी कोशिकाओं को सुरक्षा देने में सहायक है। स्वस्थ जीवनशैली डीएनए की रक्षा में अहम भूमिका निभाती है। विश्वभर में वैज्ञानिक डीएनए की सुरक्षा और उसकी मरम्मत के लिए निरंतर नए उपायों पर कार्य कर रहे हैं। किंतु जब तक ये खोजें आम जीवन का हिस्सा नहीं बनतीं, तब तक हमें स्वयं अपनी जीवनशैली, आदतों और परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारे जीवन की पूरी रूपरेखा हमारे डीएनए में ही दर्ज है। यदि यह सुरक्षित और संतुलित है, तो हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य भी सुदृढ़ और स्वस्थ रहेगा। इसलिए अब समय है कि हम इन अदृश्य हमलों के प्रति जागरूक हों और अपने डीएनए की सुरक्षा को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं क्योंकि सुरक्षित डीएनए ही एक सुरक्षित जीवन की नींव है।

( लेखिका पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सीनियर डेमोंस्ट्रेटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



प्रबंधन

योगेंद्र माथुर

# भगदड़ से बचने के उपाय आवश्यक

वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में 'मिनी तिरुपति' कहे जाने वाले वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। जैसा कि अब तक होता आया है कि सभी बड़े नेताओं व राजनीतिक दलों ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए संवेदना व्यक्त की है और घटना की जांच करने की बात कही गई है। स्थानीय पुलिस व प्रशासन मंदिर प्रबंधन की गलती बताकर दुर्घटना की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन ने मंदिर के प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था की पूर्व सूचना न देने से सुरक्षा व्यवस्था न हो पाने की बात कही है। मुख्य रूप से दर्शनार्थियों की अनुमान से अधिक भीड़ होने, मंदिर का प्रवेश व निर्गम द्वार एक ही होने व संकरा होने से भीड़ बढ़ने और व्यवस्था के लिए लगे बैरिकेडिंग के गिरने से भगदड़ होना बताया जा रहा है।

यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। हाल के वर्षों में ऐसी बीसियों दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को असमय काल कवलित होना पड़ा है। इसी वर्ष उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित धर्मस्थलों व विभिन्न आयोजनों में ऐसी लगभग एक दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अकेले आंध्रप्रदेश में ही धर्मस्थलों पर भगदड़ की इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि इन दुर्घटनाओं से हमने कोई सबक लिया हो, ऐसा दिखाई नहीं पड़ता।

भारत एक धर्मप्रधान देश है और सात वार, नौ त्यौहार की कहावत यहां प्रचलित है। आए दिन किसी भी धर्म के पर्व व तीज-त्योहारों पर यहां धर्मस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी के साथ कई छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन यथा मेले, कथा, सत्संग व प्रवचन भी यहां प्रायः कहीं न कहीं होते रहते हैं जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। धार्मिक आयोजनों से इतर कई सामाजिक, सांस्कृतिक व संगीत के आयोजनों के साथ राजनीतिक सभा व रैलियां भी इस लोकतांत्रिक देश का अनिवार्य हिस्सा रही हैं जिनमें खासी भीड़ जुटती है। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन व सरकारों के लिए बड़ी चुनौती होती है। आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाए तो ठीक वरना किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर लीपापोती के प्रयास करने में स्थानीय प्रशासन की संपूर्ण मशीनरी पूरे प्राण प्रण से जुट जाती हैं। बड़े नेता व राजनीतिक दल दुर्घटना को दुखद बता कर शोक संवेदना व्यक्त कर देते हैं और सरकारें जांच कमेटी या आयोग का गठन कर अथवा मुआवजे का मरहम लगाकर अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की इतिश्री मान लेती हैं। बाद में समय के साथ ताजा जख्म भरते जाते हैं, रुदन व क्रंदन बंद हो जाता है और दुर्घटना को लगभग भूला दिया जाता है, जब तक कि कोई नई दुर्घटना न हो जाए। लेकिन इन दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता। प्रायः देखा यह जाता है भीड़ की सुरक्षा-व्यवस्था न होने अथवा अपर्याप्त या कुप्रबंध होने से भगदड़ जैसी दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार धर्मस्थलों या आयोजनों से जुड़े प्रबंधन और प्रशासन की घोर लापरवाही या अनदेखी




भी इसके लिए जिम्मेदार होती है। अधिकांशतः बड़े आयोजनों या राजनीतिक रैलियों के दौरान यह देखने में आता है कि आयोजकों का पूरा ध्यान अपनी शक्ति, सामर्थ्य अथवा लोकप्रियता के प्रदर्शन पर रहता है और व्यवस्था व जनसुरक्षा को हाशिए पर धकेल दिया जाता है और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के कोई प्रबंध नहीं किए जाते। अतः ऐसे अवसरों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नियम व कानून के तहत आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन की अनुमति तभी दी जानी चाहिए जब आयोजक सुरक्षा-व्यवस्था की संतोषजनक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। आयोजकों के प्रबंधन कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए। वैसे भारत में भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर कोई ठोस नीति या कार्य योजना का नितांत अभाव सदैव बना रहा है। यही कारण है कि अत्यधिक भीड़ जब-तब भगदड़ या अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं का कारण बनती है। प्रायः अनुमान से अधिक भीड़ होना दुर्घटना का कारण बताया जाता है लेकिन वर्तमान डिजिटल तकनीकी के दौर में संभावित भीड़ का अनुमान लगाना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन की सहायता से बढ़ती भीड़ पर आसानी से नजर रखी जा सकती है। कुंभ मेले जैसे महाआयोजन में शामिल होने और पवित्र नदी में स्नान करने या डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का पूर्वानुमान व सतत निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्थाएं जुटाने का महायज्ञ (अनुपातिक रूप में कुछेक दुर्घटनाओं के अपवाद को छोड़कर) सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है तो इससे छोटे आयोजनों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? हर भीड़ अव्यवस्था या भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं में बदल सकती है, यह मानकर ही किसी भी भीड़ वाले आयोजन के अवसर पर सुरक्षा-व्यवस्था तय की जाना की चाहिए। किसी भी धर्मस्थल या आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना पर प्रोजेक्टर या एलसीडी आदि के माध्यम से उसके सीधे प्रसारण के कई स्थानों पर प्रबंध कर भीड़ को एक ही जगह एकत्र होने से रोका जा सकता है। स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की भी सहायता ली जा सकती है। यदि कोई धर्म स्थल पहाड़ी या अधिक ऊंचाई पर, चारों तरफ अन्य निर्माण से घिरा हुआ, संकरा या अधिक अंधेरे में हो तो वहां भीड़ बढ़ने वाले अवसरों पर समुचित प्रकाश के साथ पर्याप्त हवा के प्रबंध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है ताकि भीड़ बढ़ने पर वहां श्रद्धालुओं को गर्मी, घुटन या घबराहट महसूस न हो। फिसलन भरी जगह या संकरे मार्ग भी दुर्घटना की वजह बनते हैं। अतः इस ओर भी ध्यान रखना चाहिए।

प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि धर्म स्थलों या आयोजन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था के तार बेतरतीब तरीके से लगे होते हैं या लटके होते हैं। अत्यधिक भीड़ के अवसरों पर धर्मस्थलों अथवा कथा, प्रवचनों के आयोजन स्थलों पर प्रवेश व निर्गम द्वार की व्यवस्थाएं अलग-अलग की जानीचाहिए। इन स्थानों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम व चिकित्सकों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में कोई दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसी स्थल या आयोजन में जुटने वाली भीड़ की संख्या का पूर्वानुमान या आकलन सदैव सही साबित हो। भीड़ अनुमान से अधिक या अत्यधिक भी हो सकती है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## जिन लोगों में मतभेद उन्हें सफलता मिलती हैं कम



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत में पांडव कौरवों से जुएं में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युवाओं के सपनों की तस्करी

भारत के अनेक इलाकों में, विशेषकर हरियाणा, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, एक नया और खतरनाक चलन तेज़ी से फैल रहा है–डंकी रूट के ज़रिए विदेश पहुंचने का सपना। यह शब्द डंकी अंग्रेज़ी के शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब है बिना अनुमति या अवैध रास्ते से जाना। सुनने में यह किसी फिल्मी कहानी जैसा लगता है, पर हकीकत इससे कहीं ज़्यादा भयावह है। इस रूट ने न केवल युवाओं के भविष्य को निगल लिया है, बल्कि समाज और प्रशासन के सामने एक गंभीर मानवीय और आर्थिक संकट भी खड़ा कर दिया है। भारत के ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में विदेश जाना अब सिर्फ एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सफलता का प्रतीक बन गया है। ऐसे में यह जाल तेजी से फैल रहा है। *– पवन कुशवाहा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए



भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही बातचीत व्यापार, निवेश और नवाचार संबंधों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे साझा संकल्प से हम उत्साहित हैं।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**


### चुल्लू भर ही काफी



जो देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, प्रभु श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं , उन्हें तालाब भर पानी की जरूरत नहीं है , चुल्लू भर ही काफी है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### राहुल का नाटक



न ईवीएम, न वोट चोरी और न संविधान। कड़वा सच यह है कि विरासत का दांव अब राहुल गांधी के लिए कभी ठीक न होने वाला एक घाव बन चुका है। इसलिए वह अपने को खबरों में बनाए रखने के लिए नाना प्रकार के नाटक करते रहते हैं। लेकिन अब उनका कोई दांव नहीं चलेगा।

**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष में चीन का चालक दल फंसा, वापसी टाली गई


चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात दल की बुधवार को निर्धारित वापसी को टाल दिया गया है। ऐसा संदेह है कि अंतरिक्ष यान पर सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव पड़ा है। यह घोषणा 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) ने की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि वापसी में देरी का निर्णय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन के दल को हर छह महीने में बदलता है। शनिवार को शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ-21 दल के साथ कक्षा में कार्यभार हस्तांतरण पूरा किया था और उसका बुधवार को पृथ्वी पर लौटने का कार्यक्रम था। शेनझोउ-20 में वर्तमान अंतरिक्ष दल सवार है। मंगलवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात तीन सदस्यीय दल ने कार्यभार हस्तांतरण समारोह आयोजित किया और औपचारिक रूप से स्टेशन की चाबियां नए दल को सौंप दीं। आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शेनझोउ-20 दल में शामिल चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए ने अपने सभी निर्धारित कार्य पूरे कर लिए हैं और उन्हें बुधवार को उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर लौटना था। हालांकि, अब उनकी वापसी स्थगित कर दी गई है।



## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *


**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**


**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार







**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. अशोक कुमार वैद**
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

## क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

## लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।



इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

## जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्स:** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

## कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके



पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।

**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

## इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।

**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।

**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।

**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।

**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।

**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।

**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

---

**अवेयरनेस**

स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन




हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

## इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

## टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

## हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

## निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

## शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**




# मारुति ने बनाया नया रिकॉर्ड, बेच डाली तीन करोड़ गाड़ियां, सबसे ज्यादा बिकी ऑल्टो

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने भारत में 3 करोड़ कारों की बिक्री का एक बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है, जो शायद किसी भी और कंपनी के लिए भारतीय बाजार में नामुमकिन है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में किसी भी कंपनी द्वारा ऐसा पहला रिकॉर्ड बना है। कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज 42 वर्षों में हासिल की है। जिससे पता चलता है कि मारुति हर महीने क्यों सबसे ज्यादा कारें बेचती हैं और इसे ग्राहकों ने लंबे समय से क्यों नंबर 1 बना रखा है। मौजूदा समय में मारुति सुजुकी अपने एरिना और नेक्सा शोरूम पर 19 अलग-अलग मॉडल बेचती है, जिनमें कई तरह के इंजन और गियरबॉक्स ऑप्शन मौजूद हैं।

- कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज 42 वर्षों में हासिल की

## मारुति ने बिक्री का नया माइलस्टोन किया हासिल, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में पहला रिकॉर्ड बना

### मारुति ऑल्टो की 47 लाख इकाईयों का बिक्री

*मारुति सुजुकी की भारतीय बाजार में 3 करोड़ गाड़ियों में से सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी मारुति ऑल्टो रही, जिसकी 47 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। इसके बाद वैगनआर का नंबर आता है, जिसकी 34 लाख से ज्यादा यूनिट अब तक बिक चुकी है। तीसरे स्थान पर स्विफ्ट है, जिसकी 32 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। यहां एक और खास बात यह है कि ब्रेजा और फ्रॉन्क्स जैसी गाड़ियां भी कंपनी के टॉप 10 बेस्ट सेलिंग मॉडल्स में अपनी जगह बना चुकी हैं।*




### लोगों के घूमने का सपना किया पूरा

*मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने इस बड़ी उपलब्धि पर कहा कि जब मैं भारत के कोने-कोने में देखता हूं और सोचता हूं कि 3 करोड़ ग्राहकों ने मारुति सुजुकी पर भरोसा करके अपने घूमने-फिरने का सपना पूरा किया है, तो मुझे बहुत विनम्रता और आभार महसूस होता है। हालांकि, भारत में हर 1000 लोगों पर लगभग 33 गाड़ियां ही हैं, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।*

***मारुति कारों की बिक्री का इतिहास :*** *मारुति सुजुकी को पहली 1 करोड़ गाड़ियों की बिक्री तक पहुंचने में 28 साल और 2 महीने का समय लगा था। इसके बाद अगली 1 करोड़ गाड़ियां बेचने में कंपनी को सिर्फ 7 साल और 5 महीने लगे। सबसे दिलचस्प आंकड़ा 2 से 3 करोड़ पहुंचने में है। मारुति सुजुकी ने बीते महज 6 साल और 4 महीने में एक करोड़ कारें बेच डालीं और कुल आंकड़ा अब 3 करोड़ कारों का हो गया है, जो कि डोमेस्टिक मार्केट में अपने आप में एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिससे तोड़ना आसान नहीं है।*

***14 दिसंबर 1983 को मारुति ने पहली कार बेची थी***
*मारुति की पहली गाड़ी मारुति 800 थी, जिसे 14 दिसंबर 1983 को पहले ग्राहक को सौंपी गई थी। इसी के साथ भारत में गाड़ियों के मामले में एक क्रांति की शुरुआत हुई थी।*

## खबर संक्षेप

### सन फार्मा के मुनाफे में तीन फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.56 प्रतिशत बढ़कर 3,118 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,040 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टीमलीज़ सर्विसेज का मुनाफा 12 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** स्टाफिंग कंपनी टीमलीज़ सर्विसेज का सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 27.52 करोड़ रुपये हो गया। टीमलीज़ सर्विसेज़ ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 24.58 करोड़ रुपये था।

### बीईएमएल का लाभ 5.8% घटकर 48.03 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.8 प्रतिशत घटकर 48.03 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का एक साल पहले इसी तिमाही में मुनाफा 51.03 करोड़ रुपये रहा था। आय सालाना आधार पर 874.70 करोड़ रुपये से घटकर 846.13 करोड़ रुपये रह गई।

### पारादीप फॉस्फेट्स ने द्रविड़ को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली।** उर्वरक बनाने वाली कंपनी पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड (पीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को अपने ब्रांड एम्बैसडर के रूप में नियुक्त किया है। द्रविड़ का काम कंपनी के नैनो उर्वरक और ऑर्गेनिक (जैविक) उर्वरक उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। किसानों को उर्वरक के संतुलित इस्तेमाल के महत्व को समझाया जाएगा।

### गुरु नानक की जयंती पर बाजार रहा बंद

**मुंबई।** सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, गुरु नानक देव की जयंती के अवसर पर बुधवार को शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। बीएसई और एनएसई की ओर से जारी नोटिस में यह जानकारी दी गई।

### एवरेडी इंडस्ट्रीज को 7.9 करोड़ रुपए का घाटा




**नई दिल्ली।** बैटरी और फ्लैशलाइट बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत आधार पर 7.91 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज हुआ है। यह घाटा कर्मचारियों को अनुग्रह राशि के भुगतान और मध्यस्थता कार्यवाही के निपटान के रूप में असाधारण खर्चों के कारण हुआ। बर्मन परिवार द्वारा प्रवर्तित फर्म की एक नियामकीय सूचना के अनुसार, कंपनी ने एक साल पहले जुलाई-सितंबर की अवधि में 29.56 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। हालांकि, एवरेडी इंडस्ट्रीज ने सितंबर तिमाही में असाधारण वस्तुओं और कर से पहले 37.25 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था, जो साल-दर-साल आधार पर 6.36 प्रतिशत अधिक है।

## एसबीआई ने अपनी 'द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' रिपोर्ट में कहा

# भारत के लिए यही एक व्यापक स्वर्ण नीति अपनाने का समय : एसबीआई

- भारत दुनिया का सबसे बड़ा सराफा बाजारों में एक
- देश सोने के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोने की कीमतों के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के बीच इसके लिए एक व्यापक नीति की आवश्यकता है क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में से एक है जो इस पीली धातु के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित है। बुधवार को जारी एक अध्ययन में यह बात कही गई।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी 'कमिंग ऑफ (ए टर्बुलेंट) एजः द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने की कीमत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।




### वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई

### भारत की उपभोक्ता मांग 802.8 टन

भारत में सोने की कुल उपभोक्ता मांग 2024 में बढ़कर 802.8 टन हो गई जो वैश्विक स्वर्ण मांग का 26 प्रतिशत है। इससे भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। चीन की उपभोक्ता मांग 815.4 टन थी। एसबीआई अध्ययन में कहा गया कि चीन की सोने पर एक राष्ट्रीय नीति है, जिसका एक विशिष्ट उद्देश्य है। यह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में सोने के व्यापार, भंडारण, मूल्यांकन और उपयोग के तरीके को नया रूप देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखता है।

### भारत में घरेलू आपूर्ति मात्र एक फीसदी

अक्टूबर में कुछ दिन के लिए कीमतें 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं लेकिन नवंबर में फिर से 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से पार चली गईं। रिपोर्ट कहती है कि सोने की घरेलू आपूर्ति भारत में कुल सोने की आपूर्ति का केवल एक अंश है।

### देश में 2024-25 में 1,627 किलो सोने का खनन

मात्रा के संदर्भ में केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-सितंबर) में केवल 0.6 टन सोना जोड़ा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-सितंबर) में यह 31.5 टन था। भारत में सोने का खनन सीमित है, जिससे आयात पर निर्भरता बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,627 किलोग्राम सोने का खनन हुआ।

***भारत के स्वर्ण भंडार में 27 अरब डॉलर की वृद्धि :*** *भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 (10 अक्टूबर तक) में अपने भंडार का 15.2 प्रतिशत सोना रखा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 13.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 9.1 प्रतिशत था। आरक्षित निधि में परिवर्तन के संदर्भ में, आरबीआई के स्वर्ण भंडार में वित्त वर्ष 2024-25 में 25 अरब अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 2026 में 10 अक्टूबर 2025 तक 27 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण मूल्यांकन में वृद्धि है।*

***कुल आपूर्ति में आयात का योगदान 86 प्रतिशत*** *विश्व स्वर्ण परिषद के अनुमान के अनुसार, 2024 में कुल आपूर्ति में आयात का योगदान लगभग 86 प्रतिशत होगा। इसमें कहा गया कि भारत सबसे बड़े स्वर्ण बाजारों में से एक है जो सोने के प्रति सांस्कृतिक आकर्षण, निवेश की मांग और मुद्रास्फीति से बचाव तथा सुरक्षित निवेश सहित अन्य आर्थिक कारकों से प्रभावित है।*

***अमेरिका व जर्मनी भंडार में 77 फीसदी से अधिक सोना :*** *यह कई आर्थिक एवं भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को एक साथ संबोधित करने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देश अपने कुल भंडार का 77 प्रतिशत से अधिक सोने के रूप में रखते हैं।*

# जीएसटी में समाहित करों से राज्यों का राजस्व घटाः रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में अनुपात में सुधार देखा गया

जीएसटी में समाहित करों से ज्यादातर मामले में राज्यों को प्राप्त कुल राजस्व कम हुआ है, जबकि कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तुलना में उनके कर-जीएसडीपी अनुपात में सुधार देखा गया है।

एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद से, इसमें शामिल करों से राज्यों का कुल राजस्व 2023-24 में घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.5 प्रतिशत रहा। जबकि 2015-16 (जीएसटी-पूर्व व्यवस्था में) में यह जीडीपी का 6.5 प्रतिशत था। कर सुधार के रूप में 2017 में लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्र और राज्य स्तर पर कई कर और शुल्क समाहित हुए। इनमें मूल्य वर्धित कर (वैट), केंद्रीय बिक्री कर, उत्पाद शुल्क और प्रवेश कर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी के सात वर्षों में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में औसत एसजीएसटी (2.6 प्रतिशत) जीएसटी से पहले के चार पूर्ण वर्षों में सम्मिलित औसत करों से कम रहा है। राज्यों को पहले पांच वर्षों के दौरान एसजीएसटी राजस्व में 14 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की गारंटी दी गई थी। जिन राज्यों के राजस्व में यह वृद्धि नहीं हो पाई, उन्हें जून, 2022 तक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर से प्राप्त राजस्व के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। वित्त वर्ष 2015-16 से पहले के चार वर्षों में, राज्यों को उन करों से सकल घरेलू उत्पाद का औसतन 2.8 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जिन्हें बाद में जीएसटी में समाहित कर दिया गया।

### छत्तीसगढ़, पंजाब, कर्नाटक के राजस्व में गिरावट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यों के बीच महत्वपूर्ण भिन्नता है। मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम जैसे कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तुलना में उनके कर-जीएसडीपी अनुपात में सुधार देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तुलना में पंजाब, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे अन्य राज्यों के जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में सम्मिलित करों से राजस्व में अपेक्षाकृत बड़ी गिरावट आई है।

# सरकार कृत्रिम मेधा क्षेत्र में नवोन्मेष पर देगी ध्यान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- जरूरत पड़ने पर बनाएगी कानूनः आईटी सचिव
- सरकार एआई का लाभ उठाना चाहती है

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने बुधवार को कहा कि सरकार की प्राथमिकता वर्तमान में कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में नवोन्मेष है और जरूरत पड़ने पर वह कानून लाएगी। सचिव ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एआई का लाभ उठाना चाहती है कि इससे देश के लोगों को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ मिले।

सचिव ने कहा, ''अगर हम मानते हैं कि नवोन्मेष को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, तो आज नियमन प्राथमिकता नहीं है। एआई क्षेत्र में नवाचार की बहुत आवश्यकता है। मैं फिर यह कहता हूं कि अगर कानून या नियमन की आवश्यकता पड़ी, तो सरकार इसमें कोई कमी नहीं रखेगी। सचिव ने इंडिया एआई मिशन के तहत एक उप-समिति द्वारा सरकार को सौंपी गई इंडिया एआई संचालन दिशानिर्देश रिपोर्ट जारी करने के अवसर पर यह बात कही।

***अधिकांश उपायों की सिफारिश की*** *आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर बी. रवींद्रन की अध्यक्षता वाली समिति ने मोटे तौर पर उन अधिकांश उपायों की सिफारिश की है जिनका सरकार पहले से ही पालन कर रही है और एआई के संदर्भ में उपायों को और बेहतर बनाया है।*


## ग्रासिम का दूसरे तिमाही में लाभ 52.4 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 52.4 प्रतिशत बढ़कर 1,498.04 करोड़ रुपये हो गया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 982.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में ग्रासिम की परिचालन आय 16.6 प्रतिशत बढ़कर 39,899.5 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,222.50 करोड़ रुपये थी। ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने अपने वित्तीय विवरण में कहा कि एकीकृत राजस्व में यह वृद्धि मुख्य रूप से निर्माण सामग्री और रसायन व्यवसायों में वृद्धि के कारण हुई है।

# चीन से सीमलेस पाइप और ट्यूब का आयात हुआ दोगुना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- वित्त वर्ष 2024-25 में दोगुना होकर 4.97 लाख टन रहा
- वर्ष 2023-24 में चीन से 2.44 लाख टन का आयात किया गया

चीन से 'सीमलेस पाइप' और 'ट्यूब' का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो गुना से अधिक होकर 4.97 लाख टन रहा। घरेलू विनिर्माताओं के संगठन एसटीएमएआई ने यह जानकारी दी। उद्योग जगत के आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से 2.44 लाख टन 'सीमलेस पाइप' व 'ट्यूब' का आयात किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में आयात 1.47 लाख टन था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 82,528 टन रहा था। सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसटीएमएआई) के अध्यक्ष शिव कुमार सिंघल ने कहा कि गत वित्त वर्ष में चीन के पाइप का आयात वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग पांच गुना बढ़ा है। सिंघल ने कहा, '' घरेलू 'सीमलेस पाइप' उद्योग की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न सुरक्षा उपायों के माध्यम से किए गए मजबूत समर्थन के बावजूद चीन के पाइप आयात में समय के साथ तेजी से वृद्धि हुई है।

### भारतीय उत्पादकों को भारी नुकसान

यह प्रथा निष्पक्ष व्यापार को कमजोर करती है और भारतीय उत्पादकों को गंभीर नुकसान पहुंचाती है।'' चीन न केवल बाजार में अत्यधिक सस्ते पाइप पहुंचा भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि ताप विद्युत, परमाणु ऊर्जा तथा तेल एवं गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को घटिया सामग्री की आपूर्ति करके गंभीर सुरक्षा चिंताएं भी उत्पन्न कर रहा है।

# सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का मुनाफा नौ प्रतिशत बढ़ा

- दूसरी तिमाही में बढ़कर रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपए हुआ
- एसबीआई ने कुल कमाई में 40 फीसदी का योगदान दिया




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सामूहिक रूप से रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। यह दो बैंकों द्वारा लाभ में गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 45,547 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। शेयर बाजारों में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने कुल 49,456 करोड़ रुपये की कमाई में 40 प्रतिशत का योगदान दिया। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 20,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। प्रतिशत के हिसाब से चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने 58 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की और 1,226 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

इसके बाद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा जिसने 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,213 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। इस तिमाही में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों ने लाभ में वृद्धि दर्ज की।

### यूनियन बैंक का लाभ 10 फीसदी घटा

बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 5,238 करोड़ रुपये था। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का लाभ 10 प्रतिशत घटकर 4,249 करोड़ रुपये रह गया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 23 फीसदी लाभ दर्ज किया

इस अवधि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक ने 23 प्रतिशत लाभ वृद्धि दर्ज की, जबकि केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक ने क्रमशः 19 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# नवंबर के अंत से भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात घटेगा

- भारत सीधी खरीद में कटौती करने जा रहा
- अमेरिका ने रूस की दो तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारत नवंबर के अंत से रूसी कच्चे तेल की सीधी खरीद में कटौती करने जा रहा है। यह कदम रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों पर 21 नवंबर से लागू होने वाले नए अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद उठाया जा रहा है। विश्लेषकों ने यह संभावना जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि देश के कुल रूसी तेल आयात में आधे से अधिक हिस्सा रखने वाली भारतीय रिफाइनरी इकाइयां नए अमेरिकी प्रतिबंधों के अनुपालन में रूसी तेल की प्रत्यक्ष खरीद में कटौती कर सकती हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) शामिल हैं। अमेरिका ने रूसी पेट्रोलियम कंपनियों- रोसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर 21 नवंबर से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

***21 नवंबर के बाद से आएगी गिरावट :*** *नौवहन सूचना फर्म 'केप्लर' के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''21 नवंबर के बाद रूसी कच्चे तेल की खेपों में गिरावट दिखेगी, क्योंकि अधिकांश भारतीय रिफाइनरी अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करते हुए रोसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से प्रत्यक्ष खरीद घटाएंगी या रोक देंगी।''*

## चिप कंपनियों के निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट

# अमेरिका से लेकर एशियाई शेयर बाजार में मचा कोहराम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- *सेमीकंडक्टर कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घटा*
- *निवेशकों में शेयरों के हाई वैल्यूएशन को लेकर चिंता देखी गई*

हाई वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताओं पर दुनिया भर में सेमी-कंडक्टर यानी चिप कंपनियों के निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की तो कोहराम मच गया। अमेरिका से लेकर एशियाई बाजारों से बिकवाली के बीच निवेशकों के 50000 करोड़ डॉलर (44.4 लाख करोड़ रुपए) साफ हो गए।

अमेरिकी मार्केट और एशियाई मार्केट में कोहराम के बीच हाई वैल्यूएशन की चिंताओं पर निवेशकों ने धड़ाधड़ मुनाफावसूली की जिससे कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टीएसएमसी 3 प्रतिशत से अधिक टूट गया। यह ताइवान की सेमीकंडक्टर कॉन्ट्रैक्ट मैनुफैक्चरिंग और डिजाइन कंपनी है।

### बाजार में बना रह सकता है हाहाकार

पेपरस्टोन ग्रुप के हेड ऑफ रिसर्च क्रिस वेस्टन का कहना है कि वैश्विक बाजारों में मचा हाहाकार बना रहा सकता है। उनका मानना है कि फिलहाल खरीदारी करने की वजह नहीं दिख रही है। एबरडीन इन्वेस्टमेंट्स के फंड मैनेजर शिन-याओ एनजी का कहना है कि यह जरूरी और हेल्दी करेक्शन है। उनका मानना है कि एआई बुलबुला है जिसके फिलहाल फूटने की स्थिति तो नहीं दिख रही है लेकिन अगर कुछ एआई स्टॉक्स की बिकवाली जारी रही है तो इसके फूटने में अधिक समय नहीं लगेगा।



**फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव :** चिप कंपनियों में बिकवाली के दबाव और फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में बिकवाली के चलते दुनिया भर में चिप कंपनियों का मार्केट कैप 50000 करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स अमेरिका की 30 सबसे बड़ी चिप कंपनियों के उतार-चढ़ाव का इंडिकेटर है।

**अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंता :** एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों की तेजी के दम पर अमेरिकी मार्केट और एशिया के कुछ इक्विटी मार्केट इंडेक्स नई ऊंचाई पर पहुंच गए। इन शेयरों ने हाई वैल्यूएशन और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर उठी चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए तगड़ा परफॉरमेंस दिखाया था।

### दक्षिण कोरियाई बाजार में तीन फीसदी की गिरावट

पहले एशियाई मार्केट की बात करें तो सबसे अधिक गिरावट दक्षिण कोरिया में आई और इसका इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स कोस्पी बुधवार 5 नवंबर को 3 प्रतिशथ से अधिक फिसल गया। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हीनिक्स में मुनाफावसूली के दबाव में यह फिसल गया। इनमें 6%-6% से अधिक गिरावट आई। इस साल इनके शेयरों में अच्छी तेजी आई और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर इस साल अब तक 80 प्रतिशत और एसके हीनिक्स के शेयर 200 प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए हैं।


## आज दोपहर 1:45 बजे से चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, बड़े स्कोर पर गिल की निगाह

एजेंसी ▶▶| कैरारा (गोल्ड कोस्ट)

अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 6 नवंबर को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे, जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का यह सबसे अच्छा मौका है।

■ तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर




### गिल अभी तक नहीं दिखें चिर-परिचित लय में

हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी। बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं।

### अर्शदीप के होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत

अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### मार्श-डेविड पर निर्भर ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट को अपना सलामी जोड़ीदार बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग में बदलाव करने पड़ सकते हैं क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को उनकी जगह पर लाया जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।
**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम ज़म्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

### एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित लाबुशेन की वापसी

गोल्ड कोस्ट। लगातार लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले मार्नस लाबुशेन की एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया। लाबुशेन खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वह वापसी करने में सफल रहे।

## खबर संक्षेप



### जिम्बाब्वे की टीम से बाहर हुए पूर्व कप्तान विलियम्स

**हरारे।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान सीन विलियम्स अब कभी अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तरफ से नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्होंने खुलासा किया है कि नशे की लत के कारण उन्होंने कुछ मैच नहीं खेले थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार विलियम्स को राष्ट्रीय टीम से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस बात की जांच की कि सितंबर में टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर विलियम्स ने अचानक टीम से नाम वापस क्यों ले लिया था।

### पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को दो विकेट से हराया



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया।

# हाथ में ट्रॉफी, गले में मेडल और चेहरे पर मुस्कान पीएम से मिली विश्व चैंपियन भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला वर्ल्ड कप की चैंपियंस की मेजबानी की। पीएम मोदी ने टीम को जीत के लिए बधाई दी और टूर्नामेंट में लगातार तीन हार और सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग के बाद उनकी शानदार वापसी की तारीफ की। इस अवसर पर, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात को याद किया, जब वे बिना ट्रॉफी के प्रधानमंत्री से मिली थीं, और अब जब वे ट्रॉफी के साथ उनसे मिली हैं तो वे उनसे और भी बार मिलना चाहती हैं।

### प्रधानमंत्री ने हमेशा प्रेरित किया : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है। आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और इसके पीछे पीएम मोदी का योगदान भी अहम है। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि वह लंबे समय से पीएम मोदी से मिलने का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा कि 2017 में पीएम ने हमें कहा था कि मेहनत करते रहो, एक दिन सपना जरूर पूरा होगा। आज वो सपना हकीकत है। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान दीप्ति शर्मा के 'जय श्री राम' इंस्टाग्राम पोस्ट और उनके हाथ पर बने भगवान हनुमान के टैटू का भी जिक्र किया। दीप्ति ने कहा कि यह उन्हें "शक्ति और प्रेरणा" देता है।

### पीएम मोदी ने दिया फिट इंडिया का संदेश

इस खास मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से 'फिट इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की, खासकर देशभर की लड़कियों के बीच। उन्होंने मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और कहा कि फिट रहना उतना ही जरूरी है जितना सफल होना। पीएम ने खिलाड़ियों से कहा कि वे अपने स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रेरित करें ताकि नई पीढ़ी भी खेलों में आगे बढ़ सके। भारतीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने बताया कि उनका भाई पीएम मोदी का बड़ा प्रशंसक है, जिस पर प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने के लिए खुला निमंत्रण दे दिया।

# गोल्फ केवल उच्चवर्ग का खेल नहीं : आर्यवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

समाज में गोल्फ को केवल उच्च वर्ग के लोगों का खर्चीला खेल माना जाता है। इस धारणा को गलत बताते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ मध्यमवर्गीय लोगों के लिए भी उपलब्ध है। सामाजिक भ्रम को दूर करने के लिए फेडरेशन के द्वारा गोल्फ महोत्सव के माध्यम से उन शहरों में भी किया जा रहा है। जहां कभी गोल्फ टूर्नामेंट नहीं हुए। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के



विभिन्न शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है। इसमें गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे पर्यावरण संरक्षण,भारतीय उत्पादों के उपयोग का प्रमोशन करने के साथ ही भारतीयों में बढ़ रहे मोटापे की समस्या से बचाव और निदान आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। देश में अब तक 36 आयोजन हो चुके है। जबलपुर में होने जा रहे इस गोल्फ कुंभ में 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंटों में हिस्सा ले चुके है। इनमें से अधिकतर फेडरेशन के बैनर के साथ ग्रीन खेल का प्रमोशन भी कर रहे है। ये प्लेयर जबलपुर में न सिर्फ गोल्फ खेलेंगे बल्कि इस खेल से अधिक से अधिक लोग कैसे जुड़े ये भी प्रयास करेंगे। ये अनुभवी प्लेयर महाकौशल के उदीयमान गोल्फ प्लेयर के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्हें इस खेल की बारीकियों ओर इसकी कलात्मकता से भी परिचय कराएंगे।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट 14 से कोलकाता में

# टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, पंत की वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पैर के फ्रेक्चर से उबरकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे।

पंत को जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान चोट लगी थी और वह वेस्टइंडीज के खिलाफ अगली श्रृंखला नहीं खेल सके थे। उन्होंने हाल ही में बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए टीम की कप्तानी की और दूसरी पारी में 90 रन बनाए। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम में उन्होंने एन जगदीशन की जगह ली।




**शमी को टीम में नहीं मिली जगह :** बंगाल के लिए तीन रणजी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शमी को टीम में जगह नहीं मिल सकी है। पैंतीस वर्ष के शमी ने उत्तराखंड और गुजरात के खिलाफ बंगाल की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन मैचों में 93 ओवर डालकर 15 से अधिक विकेट लिए। चयनकर्ताओं को शायद लगा होगा कि अब वह टेस्ट क्रिकेट में लंबे स्पैल नहीं डाल सकेंगे चूंकि घरेलू क्रिकेट में भी स्पैल के बीच उन्होंने ब्रेक लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अगले छह महीने भारत को टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना है, जिसे देखकर लगता है कि शमी के लिए दरवाजे बंद हो चुके हैं।

### आकाश दीप ने चोट से उबरकर की वापसी

बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कंधे की चोट से उबरकर वापसी की है। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। पहला टेस्ट कोलकाता में 14 नवंबर से और दूसरा गुवाहाटी में 22 नवंबर से खेला जाएगा।

### भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और आकाश दीप।

HDFC BANK

## एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

### मांग-सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें। जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्रीमती सोनी आरती** फ्लैट-नं.-सी-503, मंजिल-5वीं, ऋषभ ओनिक्स ब्लॉक सी, ऋषभ ग्रीन सिटी, स.क्र., ख.नं. 148/5-24-9-10, 210/1-2-3,211(भाग), प.ह.नं.18, ग्राम फुलगांव, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्रीमती सोनी आरती** मै. अदिति कंस्ट्रक्शन, एनआर. हनुमान मंदिर, गंज पारा, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री सोनी दिनेश** पुत्र स्व. चिरंजीलाल जी सोनी, फ्लैट-नं.-सी-503, मंजिल-5वीं, ऋषभ ओनिक्स ब्लॉक सी, ऋषभ ग्रीन सिटी, स.क्र., ख.नं. 148/5-24-9-10, 210/1-2-3,211(भाग), प.ह.नं.18, ग्राम फुलगांव, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री सोनी दिनेश** मै. प्रथम कंस्ट्रक्शन, एनआर. हनुमान मंदिर, गंज पारा, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. | ₹ 28,55,120/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली आवासीय फ्लैट संख्या सी-503, पांचवीं मंजिल, ऋषभ ग्रीन सिटी, ओनिक्स ब्लॉक सी, ख.नं..-148/5, 148/24, 210/1, 210/2, 210/3 भाग मौजा-फूलगांव, प.ह.नं.-18, वार्ड-54- आरआईसी-दुर्ग-1, तह. एवं जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़. |
| 2. | **श्री पांडे छोटे लाल** प्लॉट नंबर 65, मकान प.ह. नंबर 20, पानी टंकी के पास, मौजा लिंगियाडीह, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्री पांडे छोटे लाल** शासकीय विद्यालय, शासकीय. हायर सेकेंडरी स्कूल, बिलासपुर, छ.ग. – 495001.<br>**श्रीमती पांडे विजय लक्ष्मी** प्लॉट नं. 65, मकान प.ह.नं. 20, पानी टंकी के पास, मौजा लिंगियाडीह, राजकिशोर नगर, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001. | ₹ 7,37,845/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली पट्टा एवं पार्सल, प्लॉट नं. 65, मकान प.ह.नं.20, मौजा लिंगियाडीह,प.ह.नं.-20, राजकिशोर नगर, आरआईसी-बिलासपुर, तह. एवं जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़। |
| 3. | **श्री सरवैया धर्मेश कुमार** एलआईजी-287, पं.दीन दयाल आवास योजना, खसरा नं. 247, 248, 250 एवं 258, प.ह.नं. 79/12, ग्राम धनसुली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर.एन. मंडल मंदिर हसुद, रायपुर छत्तीसगढ़ 493441.<br>**श्री सरवैया धर्मेश कुमार** कशिश ब्यूटी पार्लर के पास, अरिहंत हॉस्पिटल के पास, प्र.सं. पी-5, बालाजी हॉस्पिटल रोड, दुबे कॉलोनी मोवा, बालाजी हॉस्पिटल रोड, रायपुर छत्तीसगढ़, 492014.<br>**श्री सरवैया धर्मेश कुमार** कार्यालय कमांडेंट टी.एन. स्पेशल पुलिस बटालियन, तीसरी बटालियन कैफे महादेव घाट, रायपुर छत्तीसगढ़ 492013.<br>**श्रीमती सरवैया रचना** कशिश ब्यूटी पार्लर के पास, अरिहंत हॉस्पिटल के पास, पी 5, वार्ड नंबर 27, पंढरी बालाजी हॉस्पिटल रोड, मोवा सड्डू, बालाजी हॉस्पिटल रोड, रायपुर-छत्तीसगढ़, 492014.<br>**श्रीमती सरवैया रचना** एलआईजी-287, पं. दीनदयाल आवास योजना, ख.नं. 247, 248, 250 एवं 258, प.ह.नं. 79/12, ग्राम. धनसुली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आरएन. मंडल मंदिर हसौद, रायपुर छत्तीसगढ़ 493441. | ₹ 8,54,871/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली मकान, एलआईजी-287, पं. दीन दयाल आवास योजना, खसरा नं. 247, 248, 250 एवं 258 प.ह.नं. 79/12, ग्राम धनसुली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आर.एन. मंडल मंदिर हसौद,तह.-आरंग, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। |
| 4. | **श्री सेन फिंगेश प्रसाद** फ्लैट-नं.-एलआईजी-310-ब्लॉक-बी, मंजिल-3, स.क्र., ग्राम- रायपुरा, प.ह.नं. 104, इंद्रप्रस्थ आवास योजना, रायपुर छत्तीसगढ़ 492013.<br>**श्री सेन फिंगेश प्रसाद** पंकज गार्डन के पीछे, खोखोपारा, शिव मंदिर के पास, रायपुर छ.ग., 492001.<br>**श्री सेन फिंगेश प्रसाद** मीनाक्षी ब्यूटी एंड एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, फरिश्ता नर्सिंग होम के पास, कटोरा तालाब, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्रीमती सेन तरनी** पंकज गार्डन के पीछे, खोखोपारा, शिव मंदिर के पास, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्रीमती सेन तरनी** फ्लैट-नं.-एलआईजी-310-ब्लॉक-बी, मंजिल-3, स.क्र., ग्राम- रायपुरा, प.ह.नं. 104, इंद्रप्रस्थ आवास योजना, रायपुर छत्तीसगढ़ 492013. | ₹ 5,60,874/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त फ्लैट संख्या-एलआईजी-310-ब्लॉक-बी, तल-3, इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, स.क्र., ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 104, इंद्रप्रस्थ आवास योजना, फेस 2, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़. |
| 5. | **श्री बंजारे कमल प्रसाद,** तृतीय तल, यूनिट-नंबर-414, लैंडमार्क, स.क्र., ख.नं. 428/3, 428/8, प.ह.नं. 22, मौजा – जूना, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्री बंजारे कमल प्रसाद** मकान नं. 159/2, बख्शीस हाउस के पास, ओम नगर, जरहाभाटा, बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्री बंजारे कमल प्रसाद** मेसर्स. कमल प्रसाद 159, जरहाभाठा, ओम नगर, बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्रीमती बंजारे हेम कुमारी** मकान नं. 159/2, बख्शीस हाउस के पास, ओम नगर, जरहाभाटा, बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती बंजारे हेम कुमारी** तृतीय तल, यूनिट-नंबर-414, लैंडमार्क, स.क्र., ख.नं. 428/3, 428/8, प.ह.नं. 22, मौजा – जूना, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001. | ₹ 9,65,590/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली कार्यालय, यूनिट क्रमांक 414, तीसरी मंजिल, परिसर लैंडमार्क स.क्र., ख. नं. 428/3, 428/8, प.ह.नं. 22, मौजा- जूना, प.ह.नं.- 22/34, वार्ड-25, संत रविदास नगर वार्ड, आरआईसी-बिलासपुर विकासखंड-बिल्हा तह. एवं जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़. |
| 6. | **श्री कामदानी कमल** फ्लैट-604, फ्लोर-6, अविनाश प्राइड, ब्लॉक सी, स.क्र., ख.नं. 230/1-2-3-4-5-7-8-9, 231/1-2-3-4, 613/1, प.ह.नं.103/34, ग्राम- हीरापुर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492099.<br>**श्री कामदानी कमल** मकान नंबर ए/39, वार्ड नंबर 04, अशोक विहार, रिंग रोड नंबर 2, दीक्षित डुआर्स के पास, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्री कामदानी कमल** श्री तिरुमाला ट्रेडर्स, ए-09, अशोक विहार कॉलोनी, रिंग रोड 02, गोंदवारा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्रीमती कामदानी इंजाना** मकान नंबर ए39, वार्ड नंबर 04, अशोक विहार रिंग रोड नंबर 2, दीक्षित डुआर्स के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्रीमती कामदानी इंजाना** फ्लैट-604, फ्लोर-6, अविनाश प्राइड, ब्लॉक सी, स.क्र., ख.नं. 230/1-2-3-4-5-7-8-9, 231/1-2-3-4, 613/1, प.ह.नं.103/34, ग्राम- हीरापुर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492099. | ₹ 18,32,744/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली अविभाजित भूमि युक्त रिहायशी फ्लैट, जिसका फ्लैट नंबर -604, 6वीं मंजिल, ब्लॉक -सी 'अविनाश प्राइड' खसरा नं.-230/5, 230/7, 230/08, 231/2, 613/1, 23/1-3-4, 230/1-2-3, 230/4 और 230/9 का भाग मौजा-जर्वे उर्फ, हीरापुर, प.ह.नं.-34/103, वार्ड -01, वीर सावरकर तह. पाटन एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। |
| 7. | **श्री कांची जग्गा राव** खसरा नया नंबर 330/2, खसरा पुराना नंबर 330(भाग), प.ह.नं.57, मौजा चरोदा, कॉलोनी पंचशील नगर, नगर निगम, पश्चिम चरोदा-क्रमांक 19, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 493449.<br>**श्री कांची जग्गा राव** 230, पंचशील नगर पश्चिम, वार्ड 17, चरोदा, बीएमवाई, धमधा – दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491331.<br>**श्री कांची जग्गा राव** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बीएमवाई (भिलाई मार्शलिंग यार्ड) चरोदा, भिलाई 03 – दुर्ग छत्तीसगढ़, 490026.<br>**श्रीमती कांची लक्ष्मी** 230, पंचशील नगर पश्चिम, वार्ड 17, चारोधा बीएमवाई, धमधा – दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491331.<br>**श्रीमती कांची लक्ष्मी** खसरा नया नंबर 330/2, खसरा पुराना नंबर 330(भाग), प.ह.नं. 57, मौजा चरोदा, कॉलोनी पंचशील नगर, नगर निगम पश्चिम चरोदा-क्रमांक 19, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 493449. | ₹ 12,07,619/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली प्लॉट जिसका खसरा नया नंबर 330/2, पुराना खसरा नंबर 330 (भाग), प.ह.नं. पर स्थित प्लॉट 02/57, मौजा चरोदा कॉलोनी, पंचशील नगर, नगर पालिका क्रमांक पश्चिम चरोदा-19, एनपीएन-चरोदा भिलाई तह. पाटन एवं जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़। |
| 8. | **श्री पंजा मेघनाथ** फ्लैट-ब्लॉक-ए-101-पहली मंजिल, राज टावर, स.क्र., खसरा नं. 1912/10, 1912/13, प.ह.नं. 106ए, ब्रम्हपुरी दंतेश्वरी मंदिर के पास, आंगनवाड़ी कार्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्री पंजा मेघनाथ** द्वारा मणिमोहन पांजा, मकान नंबर 21, चंगोरा भाटा, शीतला मंदिर के पास, पुरानी बस्ती ब्रम्हपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्री पंजा मेघनाथ** मै. जय मां काली चिलई सेंटर, दुकान नंबर-04, दानी बढ़ा, बूढ़ापारा, रायपुर छत्तीसगढ़। 492001.<br>**श्री मंडल आशीष** मारुति नगर, मालासे तालाब के सामने, प्रोफेसर कॉलोनी, वार्ड नंबर 64, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001. | ₹ 24,23,985/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली रिहायशी फ्लैट ए, ब्लॉक 101, प्रथम तल, राज टॉवर, स.क्र., खसरा नं. 1912/10, 1912/13, प.ह.नं. 106 ए, महामाया मंदिर वार्ड 62, ब्रम्हपुरी, दंतेश्वरी मंदिर के पास, आंगनवाड़ी कार्यालय के सामने, आरआईसी-रायपुर 1, तह. और जिला- रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 9. | **श्री नायक प्रदीप कुमार** ख.नं.-977/1,978/1, 979/1(भाग), प.ह.नं.-17, मौजा- खमतराई, गीतांजलि सिटी के पास, प.ह.नं.-2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्री नायक प्रदीप कुमार** पुत्र स्व. श्री गोरेलाल नायक, मकान नंबर ए-27, गीतांजलि सिटी, फेस-2, बहतरी रोड लिंगियाडीह, बहतराई रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्री नायक प्रदीप कुमार** हिंद एनर्जी एंड कोल बेनेफिकेशन (इंडिया) लिमिटेड, प्रथम तल, श्री साई परिसर, वाणिज्यिक परिसर, श्री कांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर – छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्रीमती नायक नमिता** मकान नं. 383, गीतांजलि सिटी, फेस 2, बहतराई रोड, बहतराई रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती नायक नमिता** ख.नं.-ख.नं.-977/1,978/1, 979/1(भाग), प.ह.नं.-17, मौजा- खमतराई, गीतांजलि सिटी के पास, प.ह.नं.-2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001. | ₹ 2,74,030/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली परिवर्तित रिहायशी भूमि खसरा नं.- 977/24, 978/24, 979/24, 977/1, 978/1, 979/1(भाग), गीतांजलि सिटी के पास, फेस-2., भूखंड क्रमांक- 109/123 मौजा-खमतराई, प.ह.नं.- 17, आरआईसी-बिलासपुर, तह. एवं जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ |
| 10. | **श्री प्रसाद प्रियदर्शी,** प्लॉट 13, खसरा 351/6, मकान प.ह.नं.43, मौजा जुनवानी, आनंद नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490020.<br>**श्री प्रसाद प्रियदर्शी** प्लॉट नंबर 13, श्री श्याम वाटिका, गली 25, महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के पीछे, स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़ 490020.<br>**श्री प्रसाद प्रियदर्शी** आराध्या इंटरप्राइजेज, प्लॉट नंबर-13, श्री श्याम वाटिका भिलाई, दुर्ग, छ.ग., 490020.<br>**श्रीमती प्रसाद विभूति** प्लॉट 13, खसरा 351/6, मकान प.ह.नं. 43, मौजा जुनवानी, आनंद नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490020.<br>**श्रीमती प्रसाद विभूति** प्लॉट 13, खसरा 351/6, मकान प.ह.नं. 43, मौजा जुनवानी, आनंद नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490020.<br>**श्री सौरभ शैलेन्द्र मिश्रा** पुराने आरटीओ कार्यालय के पीछे, नेहरू वार्ड, सिविल लाइन, गोंदिया, महाराष्ट्र, 441601. | ₹ 66,37,373/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली रिहायशी मकान, प्लॉट नंबर 13, खसरा 351/6, प.ह.नं.43, आनंद नगर, मौजा जुनवानी, आरआईसी- दुर्ग 1, तह. एवं जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़ पर स्थित है। |
| 11. | **श्री साहू पुनित राम** प्लॉट 32, खसरा 1057/5(भाग), प.ह.नं. 13/18, वार्ड क्रमांक 16/18, मौजा जामुल, जिला दुर्ग, छ.ग. 491001.<br>**श्री साहू पुनित राम** वार्ड नंबर 17, एसीसी जामुल वार्ड, जामुल सीमेंट वर्क्स, महाराणा प्रताप नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024.<br>**श्री साहू पुनित राम** मेसर्स जय भवानी जनरल स्टोर, वार्ड नंबर 17, जामुल सीमेंट वर्क्स, दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490024.<br>**श्रीमती साहू भुनेश्वरी** महाराणा प्रताप नगर, एसीसी जामुल वार्ड नंबर 17, जामुल सीमेंट वर्क्स, महाराणा प्रताप नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490024.<br>**श्रीमती साहू भुनेश्वरी** प्लॉट 32, खसरा 1057/5(भाग), प.ह.नं. 13/18, वार्ड क्रमांक 16/18, मौजा जामुल, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. | ₹ 14,24,813/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली रिहायशी प्लॉट, प्लॉट संख्या 32, खसरा 1057/5 (भाग), प.ह.नं. 13/18, महाराणा प्रताप वार्ड नं. 16/18, मौजा जामुल, आरआईसी-दुर्ग 1, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़. |
| 12. | **श्री शिवहरे राजेंद्र कुमार** खसरा नं. 147/1(भाग), प.ह.नंबर 110 (नया 110/40), डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नंबर 27, मौजा-शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492007.<br>**श्री शिवहरे राजेंद्र कुमार** द्वारा-हर्ष लता तिवारी, सी- 3, गायत्री विहार कॉलोनी, साई प्रोविजन स्टोर के पास, महावीर नगर, रायपुर छत्तीसगढ़, 492006.<br>**श्री शिवहरे राजेंद्र कुमार** इनविडा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बी-801, सफल पेगासस, प्रहलाद नगर, आनंद नगर, अहमदाबाद – गुजरात- 380007. | ₹ 12,49,355/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली प्लॉट खसरा नंबर 147/1 (भाग), ग्राम-शंकर नगर, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नंबर 27, प.ह.नं. 110/40, आरआईसी- रायपुर-1, तह. एवं जिला- रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 13. | **श्री उपाध्याय सत्येश कुमार** खसरा नं. 15/1650, पुराना ख नं.-15/70 (भाग), प.ह.नं.-31, प्लॉट 1/4, हाउस शीट नं. 7, मौजा लिंगियाडीह, सर्किल आरआईसी- मोपका, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्री उपाध्याय सत्येश कुमार** 2015 वार्ड 48, गली नंबर 02, रामेश्वरम मंदिर के पहले, गुलाब नगर मोपका, मोपका – बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495006.<br>**श्री उपाध्याय सत्येश कुमार** मे. गुरुकृपा मेडिकल स्टोर्स, भीमसेन चौक, गौतोरा, मस्तूरी, बिलासपुर-छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती उपाध्याय प्रीति** 2015 वार्ड 48, गली नंबर 02, रामेश्वरम मंदिर के पहले, गुलाब नगर मोपका, मोपका – बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495006.<br>**श्रीमती उपाध्याय प्रीति** खसरा नं. 15/1650, पुराना ख नं.-15/70 (भाग), प.ह.नं.-31, प्लॉट 1/4, हाउस शीट नं. 7, मौजा लिंगियाडीह, सर्किल आरआईसी- मोपका, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001.<br>**श्री शर्मा प्रियम** 2015 वार्ड 48, गली नंबर 02, रामेश्वरम मंदिर के पहले, गुलाब नगर मोपका, मोपका – बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495006.<br>**श्री शर्मा प्रियम** खसरा नं. 15/1650, पुराना ख नं.-15/70 (भाग), प.ह.नं.-31, प्लॉट 1/4, हाउस शीट नं. 7, मौजा लिंगियाडीह, सर्किल आरआईसी- मोपका, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001. | ₹ 32,85,734/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली मकान, प्लॉट 1/4, खसरा 15/1650, पुराना खसरा नं.-15/70 (भाग), प.ह.नं.-31, हाउस शीट नंबर 7, मौजा लिंगियाडीह, सर्कल आरआईसी-मोपका विकासखंड-बिल्हा तह. एवं जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़. |
| 14. | **श्री पांचाल शरद कुमार** फ्लैट-पी-4, फ्लोर-7, शुभकामना हाइट्स, ब्लॉक बी, स.क्र., खसरा नंबर 280/5, 280/7 280/8, 280/9; प.ह.नंबर 22 ग्राम-रिसाली ; तहसील- दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490006.<br>**श्री पांचाल शरद कुमार** 13/डी, रुआबांधा सेक्टर, भिलाई सिविक सेंटर, सिविक सेंटर भिलाई – भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490006.<br>**श्री पांचाल शरद कुमार** भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई-छत्तीसगढ़ 490006.<br>**श्रीमती पांचाल विनीता** 13/डी रुआबांधा सेक्टर, भिलाई सिविक सेंटर, सिविक सेंटर भिलाई – भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490006.<br>**श्रीमती पांचाल विनीता** फ्लैट-पी-4, फ्लोर-7, शुभकामना हाइट्स, ब्लॉक बी, स.क्र., खसरा नंबर 280/5, 280/7 280/8, 280/9; प.ह.नंबर 22 ग्राम-रिसाली ; तहसील- दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490006. | ₹ 31,72,650/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली रिहायशी फ्लैट,नंबर पी-4, पेंट हाउस, सातवीं मंजिल, शुभकामना हाइट्स, ब्लॉक बी, प.ह.नं. 19/22, खसरा नंबर-280/5, 280/7, 280/8, 280/9, प्रगति नगर, रिसाली, दुर्ग छत्तीसगढ़। |
| 15. | **श्री खत्री सुनील कुमार** खसरा भाग {692/1, 693/1 एवं 700}, प.ह.नं. 108/38, मौजा गोंदवारा, शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड नंबर 07, रायपुर छत्तीसगढ़ 492008.<br>**श्री खत्री सुनील कुमार** नगर निगम मकान नंबर 07/नया, शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड-07, गोंदवारा, रायपुर छ.ग.492008.<br>**श्री खत्री सुनील कुमार** शाय वासन डेली नीड्स एंड प्रोविजन स्टोर, गोंदवारा रोड, शिवानंद नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492008.<br>**श्रीमती किरण** नगर निगम मकान नंबर 07/नया, शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड-07, गोंदवारा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492008.<br>**श्रीमती किरण** खसरा भाग {692/1, 693/1 एवं 700}, प.ह.नं. 108/38, मौजा गोंदवारा, शिवानंद नगर, वीरशिवाजी वार्ड नंबर 07, रायपुर छत्तीसगढ़ 492008. | ₹ 12,09,522/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली मकान {692/1, 693/1 एवं 700}, प.ह.नं. 108/38, नगर निगम मकान नं. 7/नया खाता नं. 1036, भाग 1, मौजा गोंदवारा, शिवानंद नगर वीर शिवाजी वार्ड नं. 07, आरआईसी- रायपुर तह. एवं जिला- रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 16. | **श्री पासवान सुनील कुमार** यूनिट सं.-एन-9, क्लासिक सिटी, स.क्र., ख.नं.170/2,171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179,180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11;, ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ 493661.<br>**श्री पासवान सुनील कुमार** क्वार्टर सं. 154/4 टाइप-III, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492008.<br>**श्री पासवान सुनील कुमार** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, डीएलएस. डब्ल्यूआरएस कॉलोनी कापा, रायपुर छ.ग.. 492008.<br>**श्रीमती देवी प्रतिमा** यूनिट सं.-एन-9, क्लासिक सिटी, स.क्र., ख.नं.170/2,171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179,180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11;, ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ 493661.<br>**श्रीमती देवी प्रतिमा** क्वार्टर सं. 154/4 टाइप-III, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492008.<br>**श्रीमती देवी धूरोपति** यूनिट सं.-एन-9, क्लासिक सिटी, स.क्र., ख.नं.170/2,171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179,180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11;, ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ 493661.<br>**श्रीमती देवी धूरोपति** बोकना राहुल, मोरतालाब – नालन्दा, ग्राम बोकना, नालन्दा-गिरियक, बिहार, 803118. | ₹ 9,13,593/- as on 30-सितंबर-25 | 24 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली परिवर्तित प्लॉट संख्या एन-09, 'क्लासिक सिटी' खसरा संख्या 170/2 (भाग), 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं.-23/11, ग्राम-परसुलीडीह, आरआईसी-धरसींवा-1, विकासखंड -धरसींवा तह. एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़. |
| 17. | **श्री श्रीवास्तव तरूण** फ्लैट-नं.-ब्लॉक-79/615, 6वां तल, प्रधानमंत्री आवास योजना एलआईजी फ्लैट्स, स.क्र., 210, 308, सेक्टर 16, नया रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492002.<br>**श्री श्रीवास्तव तरूण** एच 20, राजीव नगर, पोस्ट शंकर नगर, शिव मंदिर के पास, रायपुर छ.ग., 492008.<br>**श्री श्रीवास्तव तरूण** आर्सन मोटर्स, आरसन हीरो, लोधी पारा चौक, विधानसभा रोड, रायपुर – छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव रीता** फ्लैट-नं.-ब्लॉक-79/615, 6वां तल, प्रधानमंत्री आवास योजना एलआईजी फ्लैट्स, स.क्र., 210, 308, सेक्टर 16, नया रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492002.<br>**श्रीमती श्रीवास्तव रीता** एच 20, राजीव नगर, पोस्ट शंकर नगर, शिव मंदिर के पास, रायपुर छ.ग., 492008. | ₹ 4,29,382/- as on 30-सितंबर-25 | 25 अक्टूबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली एलआईजी नंबर ब्लॉक 79/615, फ्लोर-6, सेक्टर 16/6 एफ प्रधानमंत्री आवास योजना, एलआईजी फ्लैट्स, स.क्र. 210, 308, सेक्टर 16, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़। |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर,
दिनांक : 06.11.2025

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम), मुंबई-400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड




# जहां उबलता पानी भी हवा में जम जाता है, जानिए दुनिया के सबसे ठंडे देश में लोग कैसे नहाते हैं?

**मास्को।** भारत में सर्दियों की दस्तक के साथ ही सुबह का नहाना किसी जंग से कम नहीं लगता। ठंडी हवा, कांपती बॉडी और गुनगुने पानी की तलब। लेकिन जरा सोचिए, अगर बाहर का तापमान माइनस 71 डिग्री सेल्सियस हो तो नहाना कैसा अनुभव होगा? यही सच्चाई है रूस के साइबेरिया के ओयम्याकोन गांव की। जिसे 'पोल ऑफ कोल्ड' कहा जाता है। यहां नहाना किसी रोमांचक एडवेंचर जैसा नहीं, बल्कि एक सर्वाइवल मिशन जैसा होता है।

### बर्फ में नहाने का राज: 'बान्या' नाम का गर्मघर

यहां के लोग रोज नहीं नहाते, बल्कि खास दिन तय होते हैं। वजह? इतनी ठंड में पानी तो छोड़िए, साबुन भी बॉडी पर लगते ही जम जाता है, इसलिए यहां लोग नहाने के लिए 'बान्या' नाम के पारंपरिक बाथहाउस का इस्तेमाल करते हैं। ये लकड़ी के छोटे घर होते हैं, जिनमें अंदर घंटों आग जलाकर गर्माहट तैयार की जाती है। एक लोकल महिला क्युन बी ने यूट्यूब पर बताया, 'सुबह लकड़ी इकट्ठा करना, बान्या गरम करना। पूरा दिन इसी में चला जाता है। जब अंदर तापमान 80-100 डिग्री तक पहुंचता है, तभी जाकर हम नहाते हैं। बाहर निकलते वक्त बॉडी पर ऑयल या क्रीम लगाना जरूरी होता है, नहीं तो स्किन फट जाती है।'





### ठंड को मात देना ही यहां की लाइफस्टाइल है

याकुट्स्क और ओयम्याकोन के लोग ठंड को झेलते नहीं, अपनाते हैं। उनके लिए सर्दी सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि जिंदगी का तरीका है।

### उबलता पानी भी बन जाता है बर्फ

साइबेरिया की ठंड इतनी खतरनाक होती है कि खौलता पानी हवा में फेंकते ही बर्फ के कणों में बदल जाता है। इस फेनॉमेनन को एमपेम्बा प्रभाव कहा जाता है, यानी गर्म पानी ठंडी हवा में तेजी से वाष्प बनकर तुरंत जम जाता है। कई वायरल वीडियोज में लोग -40 डिग्री में यह एक्सपेरिमेंट करते दिखते हैं, लेकिन ये बेहद खतरनाक है। अगर हवा की दिशा उलटी हो जाए, तो गर्म पानी जलन दे सकता है।

## ये घटनाएं विज्ञान को देती हैं चुनौती

# धरती के सबसे बड़े रहस्य, नर्क का द्वार और जानलेवा झील

मास्को।रहस्यों से दुनिया भरी हुई है। धरती पर प्रकृति और इंसानों द्वारा बनाई गई कई अजीबोगरीब और अद्भुत घटनाएं हुई हैं। विज्ञान ने कई रहस्यों को सुलझा लिया है, लेकिन अभी भी कुछ अनसुलझी हैं। यह रहस्यमयी घटनाएं लोगों को हैरान करती हैं और सोचने पर मजबूर करती हैं। इन रहस्यों में रूस में बने गहरे गड्ढे, कैमरून की झील से निकलने वाली हरीली गैस, प्राचीन स्टोनहेंज और तुर्कमेनिस्तान का 'नर्क का द्वार' जैसी जगहें शामिल हैं।

### न्योस झील

अफ्रीकी देश कैमरून की न्योस झील में 1986 में एक भीषण त्रासदी हुई थी। इससे अचानक लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड गैस निकली



थी। इसके कारण झील के पास आस-पास रहने वाले करीब 1,760 लोगों और 3,500 जानवरों की जान चली गई थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह जहरीली गैस झील के तल में जमा थी और किसी प्राकृतिक घटना की वजह से अचानक बाहर आ गई थी। यह रहस्यमयी घटना अभी भी अनसुलझी हुई है।

### रहस्यमयी अंतरिक्ष यात्री फोटो

इंग्लैंड में साल 1964 में एक अजीबोगरीब तस्वीर कैमरे में कैद की गई थी। इसमें एक छोटी बच्ची नजर आ रही थी। इसके पीछे एस्ट्रोनॉट (अंतरिक्ष यात्री) जैसी आकृति दिख रही थी, जिसे देखकर लोग चौंक गए थे। इस तस्वीर वाली जगह पर कोई अंतरिक्ष यात्री मौजूद नहीं था। इस रहस्यमयी फोटो के पीछे का रहस्य आज भी अनसुलझा है।

### नर्क का द्वार



तुर्कमेनिस्तान के रेगिस्तान में एक विशाल गड्ढा है, जिसमें आग धधकती रहती है। इसके नर्क का द्वार कहा जाता है। इसमें साल 1971 से लगातार आग निकल रही है। बताया जाता है कि यह मीथेन गैस के कारण जल रही है।

### कोला सुपर डीप बोरहोल

रूसी वैज्ञानिकों ने साल 1970 में धरती की गहराई का पता लगाने के लिए खुदाई कर शुरू की। वह 12 साल की कड़ी मेहनत के बाद सिर्फ 12 किलोमीटर तक गड्ढा खोद पाए। लेकिन वहां का तापमान 180 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे मशीनें पिघलने लगीं और खुदाई बंद करनी पड़ी। इस गड्ढे से निकली अजीब आवाजें और इसकी गहराई अभी एक रहस्य हैं। इसे 'कोला सुपर डीप बोरहोल' कहा जाता है।



### जर्मन स्टोनहेंज

वैज्ञानिकों ने जर्मनी में 4,900 साल पुरानी एक



गोलाकार संरचना की खोज की है। इसे जर्मन स्टोनहेंज कहा जाता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि यह दुनिया की सबसे पुरानी सौर वेधशाला हो सकती है। लेकिन, प्राचीन संरचना का निर्माण किसने किया और क्यों बनाया, यह आज भी विज्ञान और इतिहास के लिए रहस्य है।

## सोशल मीडिया पर वीडियो खूब हो रहा वायरल

# भारत की 'सोनपापड़ी' की दीवानी है पाकिस्तान की आवाम

**नई दिल्ली।** इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसे देखकर हर किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पाकिस्तान का है। वीडियो में एक महिला पत्रकार हाथ में माइक लेकर एक मिठाई की दुकान पर जाती है और दुकानदार से मजे में पूछती है, 'मैंने पहली बार सोनपापड़ी का नाम सुना है, यह आखिर होती क्या है?' इस पर दुकानदार मुस्कुराते हुए कहता है, 'यह भारत से आने वाली मिठाई है, हल्दीराम की सोनपपड़ी। यहां पाकिस्तान में यह काफी मशहूर है और लोग इसे बहुत पसंद करते हैं।'

### लोगों ने पसंद की सोनपापड़ी

रिपोर्टर फिर सोनपापड़ी के डिब्बे को देखती है और उस पर लिखी लाइन पढ़ती है, 'देसी घी से बनी।' वह हंसते हुए कहती है, 'वाह, यह तो पूरी तरह भारतीय मिठाई है।' इस पर दुकानदार गर्व से बोलता है, 'हां हल्दीराम इंडिया का ब्रांड है और पाकिस्तान में इसकी मिठाइयां बहुत पसंद की जाती हैं।' उसकी बात सुनकर यह साफ झलकता है कि भले ही दोनों देशों के बीच दूरियां हों, लेकिन स्वाद की मिठास दिलों को जोड़ ही देती है।

### पाकिस्तान में फेमस है सोनपापड़ी

इसके बाद वीडियो में जो पल आता है, वो सबसे मजेदार है। पत्रकार जब मिठाई की कीमत पूछती है तो दुकानदार बताता है,



'भारत में यह करीब 210 रुपए की आती है, लेकिन यहां पाकिस्तान में 1300 रुपए में बिकती है।' यह सुनते ही रिपोर्टर हैरान होकर पूछती है,'इतनी महंगी कैसे हो गई रास्ते में?' दुकानदार मुस्कराकर बड़ा दिलचस्प जवाब देता है, 'सामान कम आता है और करेंसी का फर्क भी होता है, इसलिए दाम बढ़ जाते हैं।'

### यूजर्स ने दिए ऐसे रिएक्शंस

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों के मजेदार रिएक्शन आने लगे। किसी ने लिखा, सोनपपड़ी सिर्फ मिठाई नहीं, यह इंडिया की शान है, जो दुनिया का दिल जीत रही है। किसी ने मजाक में लिखा, पाकिस्तान में भी हल्दीराम का जलवा बरकरार है। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि भारतीय ब्रांड की मिठाइयां दूसरे देशों में भी इतनी पसंद की जा रही हैं। दरअसल, सोनपापड़ी वैसे तो भारत की बहुत पुरानी मिठाई है, जो लगभग हर त्योहार, शादी या किसी भी खुशी के मौके पर नजर आती है।

# फेरों से पहले दूल्हे ने थमाई 10 अजीब शर्तों की लिस्ट, डिमांड सुनते ही रो पड़ा ससुर

**नई दिल्ली।** भारत में शादी का मौसम आते ही सोशल मीडिया पर प्री-वेडिंग शूट, डेस्टिनेशन वेडिंग और ग्रैंड फंक्शन्स की बाढ़ आ जाती है। हर कोई चाहता है कि उसकी शादी वायरल हो जाए, लेकिन इस बार एक दूल्हे ने तो ये पूरा का पूरा ट्रेंड ही बदल दिया। होने वाले एक दामाद ने इन दिनों हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दरअसल, फेरों से ठीक पहले उसने ससुर को एक कागज थमाया, जिसमें उसकी डिमांड्स लिखी थी। दरअसल, दूल्हे ने दहेज नहीं, बल्कि सादगी और परंपरा से जुड़ी 10 मांगों की एक लिस्ट ससुर को थमा दी। यह लिस्ट देखकर हर कोई दंग रह गया। कोई बोला 'वाह! ऐसे दूल्हे की जरूरत है समाज को', तो किसी ने कहा 'कौन होता है वह दुल्हन की ड्रेस तय करने वाला?'

### ये थीं दूल्हे की 10 डिमांड्स

- कोई प्री-वेडिंग शूट नहीं होगा।
- दुल्हन लहंगा नहीं, साड़ी पहनेगी।
- तेज या फूहड़ गाने नहीं, सिर्फ वाद्य संगीत बजेगा।
- वरमाला के वक्त सिर्फ दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर रहेंगे।
- किसी को वरमाला के दौरान उठाने की मनाही।
- पंडित जी को बीच में कोई नहीं टोकेगा।
- फोटोग्राफर रस्में रुकवाए बिना तस्वीरें लेगा।
- बनावटी पोज नहीं होंगे।
- शादी दिन में होगी, विदाई शाम तक।
- किसी को भी पब्लिक में गले लगने या किस करने की मनाही।

# इस देश में दीवारों पर खेती करते हैं लोग, धान, गेहूं और उगाते हैं सब्जियां

**येरुशलम।** वर्तमान समय में हर क्षेत्र में तकनीक काफी उन्नत हो गई है। खासकर कृषि के क्षेत्र में तो कई तरह की तकनीकें अपनाई जा रही हैं, ताकि खेती को आसान भी बनाया जा सके और ज्यादा से ज्यादा अनाज की पैदावार हो। वैसे अगर आप सोच रहे होंगे कि खेती तो जमीन पर ही संभव है, तो शायद आपको पता नहीं है कि एक देश ऐसा है, जहां दीवारों पर भी खेती की जाती है। यहां पर धान और गेहूं के साथ-साथ सब्जियां भी दीवारों पर ही उगाई जाती हैं। यह तकनीक अब धीरे-धीरे दुनियाभर में लोकप्रिय हो रही है। इस तकनीक को वर्टिकल फार्मिंग यानी 'दीवार पर खेती करना' कहा जाता है।

वर्टिकल फार्मिंग यानी दीवार पर खेती करने वाले देश का नाम इजराइल है। दरअसल, इजराइ और अन्य कई देशों में खेती लायक जमीन की काफी कमी है और इसी समस्या से निजात पाने के लिए वहां लोगों ने वर्टिकल फार्मिंग को अपना लिया है। वर्टिकल फार्मिंग के तहत पौधों को गमलों में छोटे-छोटे यूनिट्स में लगाया जाता है और साथ ही यह सुनिश्चित किया जाता है कि पौधे गमलों से गिरें न। इन गमलों में सिंचाई के लिए भी खास प्रबंध किया जाता है। हालांकि, अनाज उगाने के लिए यूनिट्स को कुछ समय के लिए दीवार से निकाल लिया जाता है और फिर बाद में उन्हें वापस दीवार में लगा दिया जाता है।



### पर्यावरण के लिए बेहतर है दीवार पर खेती

इजराइल के अलावा वर्टिकल फार्मिंग यानी दीवार पर खेती की तकनीक अमेरिका, यूरोप और चीन में भी तेजी से फैल रही है। ऐसी खेती का सबसे बड़ा फायदा ये है कि दीवार पर पौधे होने से घर के तापमान में बढ़ोतरी नहीं होती और यह आसपास के वातावरण में भी नमी बनाए रखता है। इसके अलावा इससे ध्वनि प्रदूषण का असर भी कम ही होता है।

# नशे की दवाओं से जूझने लगा शख्स एक दिन में खा जाता था 48 टैबलेट

**लंदन।** ब्रिटेन के नॉरफॉक में रहने वाले 32 वर्षीय बेन वेल्थी की ज़िंदगी तब पूरी तरह बदल गई, जब उनकी मंगेतर ने उन्हें एक सख्त अल्टीमेटम दिया- 'या तो मैं, या दवा।' को-कोडामोल नामक दर्दनिवारक दवा के आदी हो चुके बेन हर दिन 48 टैबलेट्स लेते थे, जिससे उनकी ज़िंदगी खतरे में पड़ गई थी, लेकिन पत्नी डोना वेल्थी के प्यार और दृढ़ता ने उन्हें मौत के मुहाने से वापस खींच लिया। बेन ने बताया कि यह सब एक साधारण दांत दर्द से शुरू हुआ था। बीसवें दशक में डॉक्टर ने उन्हें को-कोडामोल दी थी, जिससे न केवल दर्द कम हुआ, बल्कि उन्हें एक गर्मजोशी और सुकून का एहसास भी हुआ। यही एहसास धीरे-धीरे उनकी लत बन गया। अगले दस सालों तक वे बीच-बीच में दवा लेते रहे हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com